# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष: 13 | अंक: 154 | गौतमबुद्धनगर, शुक्रवार 03 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236


# प्रधानमंत्री मास रेपिस्ट के लिए वोट मांग रहे

बेंगलुरु। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर रेपिस्ट के लिए वोट मांगने का आरोप लगाया और कहा कि 'यही है मोदी की गारंटी।'
राहुल गुरुवार, 2 मई को कर्नाटक के शिवमोगा में चुनाव प्रचार कर रहे थे। मामला जेडीएस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना से जुड़ा है। कर्नाटक में भाजपा और जेडीएस साथ चुनाव लड़ रही हैं।
प्रज्वल पर कई महिलाओं ने रेप और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। इस मामले में केस दर्ज हो चुका है और प्रज्वल विदेश जा चुके हैं। मोदी महज 18 दिन पहले 14 अप्रैल को इसी प्रज्वल के समर्थन में मैसूर में रैली कर रहे थे। तब मोदी ने कहा था, आज भारतीय राजनीति में देवगौड़ा सीनियर मोस्ट नेता हैं। उनसे आशीर्वाद प्राप्त करना बहुत बड़ा सौभाग्य है। मैसुरु से यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार, चामराजनगर से एस बालाराज, हासन से प्रज्वल रेवन्ना और मांड्या से मेरे मित्र एचडी कुमारस्वामी, आने वाली 26 अप्रैल को इनके लिए आपका हर वोट मोदी को मजबूती देगा। देश का भविष्य तय करेगा।
इसी का हवाला देते हुए राहुल ने कहा, 'कर्नाटक में सबसे बड़ा इश्यू प्रज्वल रेवन्ना का है। पीएम मोदी ने उसके समर्थन में प्रचार किया है।

# कर्नाटक सेक्स स्कैंडल-प्रज्वल को लुकआउट नोटिस जारी

## गृह मंत्री परमेश्वर बोले- 24 घंटे में पेश नहीं हुए तो गिरफ्तारी होगी

बेंगलुरु। कर्नाटक के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ विशेष जांच दल ने लुकआउट नोटिस जारी किया है। यह नोटिस प्रज्वल की उस अपील के बाद आया है, जिसमें उन्होंने एसआईटी के सामने हाजिर होने के लिए समय मांगा था।

गुरुवार (2 मई) को कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि 7 दिन का समय देने का प्रावधान ही नहीं है, यदि वे 24 घंटे में पूछताछ के लिए हाजिर नहीं होते हैं तो उनकी गिरफ्तारी भी संभव है।

प्रज्वल ने बुधवार 1 मई को एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था- मैं जांच में शामिल होने के लिए बेंगलुरु में नहीं हूं, इसलिए मैंने अपने वकील के जरिए सीआईडी बेंगलुरु को बता दिया है। सच्चाई जल्द ही सामने आएगी।

रेवन्ना पर 28 अप्रैल को उनकी पुरानी हाउसमेड की शिकायत के बाद यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। इस शिकायत के साथ कुछ वीडियो भी सामने आए, जिनमें प्रज्वल के मौजूद होने का दावा है।

### कर्नाटक के सीएम ने पीएम मोदी को लेटर-प्रज्वल को भारत लाने में मदद करें

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कर्नाटक सेक्स स्कैंडल मामले में बुधवार 1 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा। उन्होंने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना पर जो गंभीर आरोप लगे हैं, उनके बारे में आपको पता ही होगा। उन पर जो भी आरोप लगे हैं, वे शर्मनाक और देश को दहला देने वाले हैं। केंद्र सरकार फरार सांसद को वापस लाने के लिए जल्द से जल्द कदम उठाए।



सीएम ने आगे लिखा कि सांसद और एनडीए उम्मीदवार प्रज्वल 27 अप्रैल को देश छोड़कर विदेश भागे। ऐसा पता चला है कि वे डिप्लोमैटिक पासपोर्ट के जरिए यात्रा कर रहे हैं। केंद्रीय विदेश मंत्रालय और केंद्रीय गृह मंत्रालय को प्रज्वल रेवन्ना का डिप्लोमैटिक पासपोर्ट रद्द करने के निर्देश दें।

सिद्धारमैया ने लेटर में यह भी कहा कि फिलहाल मामले की जांच एसआईटी मामले की जांच कर रही है। उन्हें देश में वापस लाना बहुत जरूरी है, ताकि वे कानून के हिसाब से जांच का सामना करें।

पूर्व पीएम देवेगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना और सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने मंगलवार को नोटिस जारी किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों को जांच के लिए एसआईटी के सामने पेश होने को कहा गया है। हालांकि, पेश होने की तारीख अभी तक सामने नहीं आई है। नोटिस जारी होने के बाद प्रज्वल रेवन्ना ने सोशल मीडिया पर लिखा- मैं पूछताछ में शामिल होने के लिए बेंगलुरु में नहीं हूं, इसलिए मैंने अपने वकील के माध्यम से सीआईडी बेंगलुरु को सूचित कर दिया है। सच्चाई जल्द ही सामने आएगी।

# जल्द पड़ेगी भयंकर गर्मी

## 11 दिनों तक लू की चपेट में पूरा उत्तर भारत

नई दिल्ली। मई में देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने और उत्तर के मैदानों, मध्य क्षेत्र व प्रायद्वीपीय भारत से लगते इलाकों में लू चलने के दिनों की संख्या अधिक रहने की संभावना है। मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बुधवार को एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि पांच सक्रिय पश्चिमी विक्षोभों के कारण अप्रैल में नियमित अंतराल पर उत्तर एवं मध्य भारत में वर्षा व ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग के आंकड़े बताते हैं कि इस वर्ष अप्रैल में लू की स्थिति 2023 की तुलना में अधिक खराब थी जो अब तक सबसे गर्म वर्ष था।

### इन राज्यों में 8 से 11 दिन चलेगी लू

महापात्र ने कहा कि यह रुझान मई में भी जारी रहने की संभावना है और दक्षिण राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, विदर्भ, मराठवाड़ा और गुजरात में 8 से 11 दिन लू चलेगी।
राजस्थान, पूर्वी मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के बाकी क्षेत्रों और छत्तीसगढ़, अंदरूनी ओडिशा, गंगा तटीय बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तरी अंदरूनी कर्नाटक व तेलंगाना में इस माह पांच से सात दिन लू चलने की संभावना है।



### देश के अधिकांश हिस्सों में बढ़ेगा तापमान

सामान्य तौर पर मई में उत्तर के मैदानों, मध्य भारत और प्रायद्वीपीय भारत से सटे इलाकों में लगभग तीन दिन लू चलती है। विभाग ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश इलाकों, उत्तर पश्चिम भारत व मध्य भारत के कुछ हिस्सों तथा प्रायद्वीपीय भारत के पूर्वोत्तर इलाके से सटे क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।

# दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मचारी बर्खास्त : एलजी वीके सक्सेना ने आदेश दिया

## आरोप- अध्यक्ष ने नियमों के खिलाफ अपॉइंट किया था

नई दिल्ली। दिल्ली एलजी वीके सक्सेना के आदेश पर दिल्ली महिला आयोग से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। आरोप है कि दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर बिना अनुमति के इनकी नियुक्ति की थी।
आदेश में DCW एक्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि आयोग केवल 40 कर्मचारियों को ही रख सकता है, लेकिन स्न की मंजूरी के बिना 223 नए पद बनाए गए हैं। आयोग के पास कॉन्ट्रैक्ट पर कर्मचारियों की नियुक्ति का अधिकार नहीं है।
स्वाति मालीवाल बोलीं- ये तुगलकी फरमान है। मैं अपने जीतेजी आयोग को बंद नहीं होने दूंगी। स्वाति मालीवाल ने जनवरी 2024 में आयोग के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। उन्हें 2015 में आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था। अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी की तरफ से उन्हें राज्यसभा में सांसद पद के लिए नॉमिनेट किया था। दिल्ली महिला और बाल विकास विभाग ने 29 अप्रैल को दिल्ली महिला आयोग को इस संबंध में आदेश भेजा है।



**कोवैक्सिन सुरक्षित** | **ये अकेली वैक्सीन जिसका ट्रायल भारत में हुआ, लोगों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है**

# कोवीशील्ड पर सवालों के बीच भारत बायोटेक बोला- कोवैक्सिन सुरक्षित

नई दिल्ली। कोरोना वैक्सीन कोवीशील्ड पर उठ रहे सवालों के बीच कोवैक्सिन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने कहा है कि हमारी वैक्सीन सुरक्षित है। इसे बनाते समय हमारी पहली प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा थी और दूसरी प्राथमिकता वैक्सीन की गुणवत्ता थी। भारत बायोटेक ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में ये बातें कहीं।

कंपनी ने कहा कि कोवैक्सिन भारत सरकार के कोविड-19 वैक्सीन प्रोग्राम की इकलौती वैक्सीन थी, जिसके ट्रायल भारत में हुए थे। कंपनी के मुताबिक, लाइसेंस पाने की प्रक्रिया के तहत कोवैक्सिन का 27 हजार लोगों पर ट्रायल किया गया था। इसे क्लिनिकल ट्रायल मोड के तहत सीमित इस्तेमाल के लिए लाइसेंस दिया गया था, जहां हजारों लोगों पर इसका ट्रायल किया गया था।




दरअसल, कोवीशील्ड को लेकर विवाद चल रहा है कि इसे लगाने से कुछ केस में लोगों को थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी TTS हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है। स्ट्रोक और हार्ट बीट थमने जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं।

### भारत बायोटेक बोली- कोवैक्सिन के चलते किसी बीमारी का केस सामने नहीं आया

कंपनी ने कहा कि कोवैक्सिन की सुरक्षा का मूल्यांकन देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया था। कोवैक्सिन बनाने से लगाने तक लगातार इसकी सेफ्टी मॉनिटरिंग की गई थी। कोवैक्सिन के ट्रायल से जुड़ी सभी स्टडीज और सेफ्टी फॉलो-अप एक्टिविटीज से कोवैक्सिन का बेहतरीन सेफ्टी रिकॉर्ड सामने आया है। अब तक कोवैक्सिन को लेकर ब्लड क्लॉटिंग, थ्रॉम्बोसाइटोपीनिया, TTS, VITT, पेरिकार्डिटिस, मायोकार्डिटिस जैसी किसी भी बीमारी का कोई केस सामने नहीं आया है।

कंपनी ने कहा कि अनुभवी इनोवेटर्स और प्रोडक्ट डेवलपर्स के तौर पर भारत बायोटेक की टीम यह जानती थी कि कोरोना वैक्सीन का प्रभाव कुछ समय के लिए हो सकता है, पर मरीज की सुरक्षा पर इसका असर जीवनभर रह सकता है। यही वजह है कि हमारी सभी वैक्सीन में सेफ्टी पर हमारा सबसे पहले फोकस रहता है।

# पहले दो चरणों में ही उड़ गये भाजपा के तोते : अखिलेश

**एजेंसी**

बदायूं । समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि पहले दो चरण के मतदान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तोते उड़ चुके हैं।

सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के समर्थन में बदायूं पहुँचे अखिलेश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नाम लिये बगैर कटाक्ष किया अब तोते उड़ने वाली बात आ गई है, तोते जब उड़ेंगे तब उड़ेंगे। मुझे पता है कि दिल्ली वाले भी आज बदायूं आए हुए हैं। उनके पास सभी सूचना और जानकारी का तंत्र है। तोते जब उड़ेंगे तब उड़ेगे लेकिन उनके तोते तो आज ही उड़ गए होंगे।

एआरटीओ कार्यालय के सामने स्थित मैदान में आयोजित जनसभा में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा ये केवल संविधान खत्म करने के पीछे पड़े हुए हैं। कोरोना के टीके पर कहा सबने वैक्सीन लगवाई, लेकिन हमारे जैसे कुछ साथी होंगे जिन्होंने नहीं लगवाई, जिन्होंने लगवाई वो आज सर्टिफिकेट देखते होंगे तो उन पर क्या गुजरती होगी। जो ये देखते होंगे वो आज भाजपा के खिलाफ वोट देने निकल पड़ेंगे। भाजपा उस समय आपदा में अवसर देख रही थी।

# संभल में सड़क हादसे में 4 की मौत

## मरने वालों में 2 महिलाएं और 2 सगी बहनें शामिल, बस के ओवरटेक करने पर हुआ हादसा

संभल। संभल में सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 2 महिलाएं और 2 सगी बहनें शामिल हैं। हादसा रोडवेज बस के कार को टक्कर मारने की वजह से हुआ है। दो गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसा गुन्नौर थाना इलाके के बिचपुरी में हुआ। हादसे का कारण कार को ओवरटेक करना माना जा रहा है।

आसपास के लोगों ने बताया, बस कार को ओवरटेक करते हुए आगे निकल रही थी, तभी उसकी टक्कर कार से हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।



बता दें, कार सवार सभी लोग रामपुर से मथुरा जा रहे थे। सड़क हादसे में मरने वाली महिलाओं के नाम मीना (30) पत्नी पूरन, राजमल (35) पत्नी धर्मपाल और बच्चियों के नाम राधिका(8) और दंशा(6) है। दोनों भगवत शरण नाम के युवक की बेटियां हैं। सभी लोग रामपुर के ही बताए जा रहे हैं।

# राजनयिक पासपोर्ट पर जर्मनी भागा है प्रज्वल रेवन्ना

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। कर्नाटक में जनता दल सेकुलर (जद-एस) के सांसद और करीब तीन हजार महिलाओं के साथ दुष्कर्म के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना राजनयिक पासपोर्ट पर जर्मनी फरार हुआ है और जाने से पहले उसने सरकार से किसी तरह की कोई जानकारी साझा नहीं की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में पत्रकारों के सवालों के जवाब में यह जानकारी दी।

जायसवाल ने कहा, उक्त सांसद की जर्मनी यात्रा के संबंध में विदेश मंत्रालय से न तो कोई राजनीतिक मंजूरी मांगी गई थी और न ही जारी की गई थी। जाहिर है, कोई वीजा नोट भी जारी नहीं किया गया था। कोई वीजा नहीं राजनयिक पासपोर्ट धारकों के लिए जर्मनी की यात्रा करना आवश्यक है। मंत्रालय ने उक्त सांसद के लिए किसी अन्य देश के लिए कोई वीज़ा नोट भी जारी नहीं किया है...हां, उन्होंने राजनयिक पासपोर्ट पर यात्रा की थी।


propre
Luxury Real Estate



Deal in yamuna authority plot, greater Noida authority ,5,6,7 % plot abadi plot Ansal golf link 2 plots, upsidc plots

CALL NOW
+ 91 9871577057
info@propreluxuryrealestate.com
www.propreluxuryrealestate.com





P- 3
कंपनी के सैंपल कलेक्शन रूम में युवक ने लगाई





P- 4
भाजपा की जुमलेबाजी इस बार काम नहीं आने वाली, विदाई तय : मायावती





P- 5
किताब से खुलासा: कविता सुनाने पर कैंप में डाल देते हैं खून और






P- 6
भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को तीसरे टी20 में हराया, 3-0 से सीरीज




## हैप्पी मॉर्निंग

टीचर पप्पू से- पांच में से पांच घटाने पर कितने बचेंगे?
पप्पू- पता नहीं मैडम।
टीचर- अगर तेरे पास 5 भटुरे हैं, और मैं 5 भटुरे तुझसे मै ले लूं, तो तेरे पास क्या बचेगा ?
पप्पू- छोले।
फिर क्या
था पप्पू की जमकर हुई कुटाई



## शायरी

सब कहाँ कुछ लाला-ओ-गुल में नुमायाँ हो गईं
ख़ाक में क्या सूरतें होंगी कि पिन्हाँ हो गईं

## अर्थसार



संसेक्स:
74,611.11
+128.33 (0.17%)
निफ्टी:
22,648.20
+43.35

## मौसम



अधिकतम : 38 डिग्री से0
न्यूनतम : 24 डिग्री से
सूयोदय शनिवार : 6 : 58
सूर्यास्त शुक्रवार : 6 : 28

# मतदान से संबंधित आंकड़ों को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाना

मतदान लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण अंग है, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी आवाज़ों को सुनाते हैं और अपने प्रतिनिधियों का चयन करते हैं। यह प्रक्रिया जितनी पारदर्शी और विश्वसनीय होगी, उतनी ही लोकतंत्र में जनता का विश्वास बढ़ेगा। मतदाताओं के आंकड़ों को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण उपाय अपनाए जा सकते हैं, जिनमें तकनीकी और प्रबंधन संबंधी सुधार शामिल हैं।

ई-मतदान (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग) को अपनाकर मतदान की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जा सकता है। ई-मतदान से मतदाताओं को अपने घरों से या इंटरनेट के माध्यम से अपने मत देने की सुविधा मिल सकती है। इससे मतदाता संख्या बढ़ेगी और मतदान में भागीदारी बढ़ेगी। इसके अलावा, ई-मतदान के परिणामों को जल्दी और सटीकता से गिना जा सकता है, जिससे धोखाधड़ी की संभावना कम हो जाती है।

मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए मतदाता पहचान की सख्ती आवश्यक है। मतदाताओं को पहचानने के लिए आईडी कार्ड, आधार कार्ड, या अन्य मान्यता प्राप्त दस्तावेजों की आवश्यकता होनी चाहिए। इससे मतदान के दौरान धोखाधड़ी और फर्जी मतदान की संभावना कम हो जाती है।

मतदाता सूची को नियमित रूप से अद्यतन करना आवश्यक है। इसके लिए स्थानीय चुनाव कार्यालयों को नागरिकों की जानकारी को सही ढंग से प्रबंधित करना चाहिए। मतदाता सूची में मृतकों, स्थानांतरित नागरिकों, और अयोग्य व्यक्तियों को हटाया जाना चाहिए। इससे मतदाता सूची की शुद्धता और विश्वसनीयता बढ़ेगी।

मतदान के परिणामों की गिनती पारदर्शी तरीके से की जानी चाहिए। गिनती प्रक्रिया के दौरान सभी पक्षों के प्रतिनिधियों को उपस्थित रहने का अधिकार होना चाहिए। इससे गिनती की प्रक्रिया में विश्वास और पारदर्शिता बनी रहती है।

चुनावों के दौरान निष्पक्ष पर्यवेक्षण महत्वपूर्ण होता है। चुनाव पर्यवेक्षक यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि मतदान प्रक्रिया में कोई अनियमितता या धोखाधड़ी नहीं हो रही है। वे मतदान केंद्रों पर निगरानी रख सकते हैं और किसी भी गड़बड़ी की रिपोर्ट कर सकते हैं।

मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जाने चाहिए। इससे मतदाता अपनी ज़िम्मेदारियों को समझ सकेंगे और लोकतंत्र में सक्रिय रूप से भाग ले सकेंगे। जागरूकता अभियान में मीडिया, सामाजिक संगठनों, और सरकारी विभागों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।

मतदान प्रक्रिया में तकनीकी उपायों को अपनाने से धोखाधड़ी और गड़बड़ी की संभावना कम होती है। उदाहरण के लिए, ई-मतदान प्रणाली में एन्क्रिप्शन और सुरक्षा उपायों का उपयोग किया जा सकता है। इससे मतदाताओं की व्यक्तिगत जानकारी और मतों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

मतदान से संबंधित आंकड़ों को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराना चाहिए। चुनाव के बाद मतों की गिनती और परिणामों को ऑनलाइन या सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराना चाहिए। इससे नागरिकों को चुनाव परिणामों की सच्चाई और निष्पक्षता का भरोसा मिलता है।

मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए कानूनी सुधारों की भी आवश्यकता हो सकती है। चुनाव कानूनों में पारदर्शिता, सुरक्षा, और निष्पक्षता को बढ़ाने के लिए नए प्रावधान जोड़े जा सकते हैं। इससे चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार को रोकने में मदद मिल सकती है।

मतदान प्रक्रिया में मतदाताओं की गोपनीयता का सम्मान करना महत्वपूर्ण है। मतदाताओं की व्यक्तिगत जानकारी और मतदान के फैसलों को गोपनीय रखा जाना चाहिए। इससे नागरिकों को अपने मत का स्वतंत्र रूप से चयन करने का आत्मविश्वास मिलेगा।

# स्कूली आपातकाल और दहशतजदा छात्र-अभिभावक

**कमलेश पांडे**

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने इस पूरे प्रकरण पर दिल्ली के पुलिस कमिश्नर से बातकर दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में बम थ्रेट्स यानी बम की धमकी पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जो सही दिशा में उठाया हुआ एक जरुरी कदम है। इससे छात्रों-अभिभावकों में सुरक्षा का भाव मजबूत होगा।

जब पूरा देश मजदूर दिवस मनाने की तैयारियों में जुटा हुआ था, तब दिल्ली एनसीआर के छात्र-अभिभावक महज इस बात पर दहशतजदा हो गए कि एक धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद स्कूलों में आपातकाल लागू कर दिया गया और छात्रों को वापस घर ले जाने के लिए अभिभावकों में अफरातफरी मच गई। हालांकि, दिल्ली-यूपी पुलिस ने सूझ-बूझ से काम किया और फौरन 200 से ज्यादा प्रतिष्ठित स्कूलों की तलाशी ली गई। लेकिन इस दौरान जो महसूस किया गया, वह हमारे अभिजात्य वर्गीय स्कूलों और सुशिक्षित अभिभावकों की मानसिकता पर कई सवाल खड़ा करते हैं।

पहला, क्या दिल्ली-एनसीआर के हाई पेड स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था इतनी लचर है कि वहां बम प्लांट किया जा सकता है? यदि ऐसा है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है! स्कूल प्रबंधन को स्थानीय पुलिस से तालमेल बिठाकर अपनी सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे स्कूली आपातकाल की नौबत नहीं आए और छात्रों व उनके अभिभावकों को उन स्थितियों का सामना नहीं करना पड़े, जैसा कि मई दिवस के दिन देखा व महसूस किया गया। क्योंकि ऐसी अप्रत्याशित सूचनाओं से, घटनाओं से बाल मन पर जो बुरा प्रभाव पड़ता है, उससे होने वाली क्षति कल्पना से परे है और मनोवैज्ञानिक ही इसकी सटीक व्याख्या कर सकते हैं।

वहीं, अभिजात्य अभिभावकों का भी यह कर्तव्य है कि पीटीएम में इस विषय को उठाएं और भविष्य में अपने बच्चों की सुरक्षा की गारंटी लें, भले ही इसके लिए उन्हें अतिरिक्त फीस क्यों नहीं अदा करनी पड़े। क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली से पहले बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता में बड़ी संख्या में स्कूलों को फर्जी धमकियां भेजी जा चुकी हैं। गत वर्ष 1 दिसंबर 2023 को बेंगलुरु के 48 स्कूलों को बम होने की सूचना दी गई थी। इसी वर्ष फ़रवरी 2024 में चेन्नई के 13 स्कूलों को और अप्रैल 2024 में कोलकाता के स्कूलों को इस तरह की मेल भेजी गई थी। ज्यादातर मामलों में यही पता चला कि मेल विदेश से भेजे गए थे। जाहिर है कि इसके पीछे कोई संगठित गैंग काम कर रहा है, जिसका इरादा बाल मनोमस्तिष्क को प्रभावित करना है, जो पूरी तरह से गलत है।

दूसरा, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने इस पूरे प्रकरण पर दिल्ली के पुलिस कमिश्नर से बातकर दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में बम थ्रेट्स यानी बम की धमकी पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जो सही दिशा में उठाया हुआ एक जरुरी कदम है। इससे छात्रों-अभिभावकों में सुरक्षा का भाव मजबूत होगा। इतना ही नहीं, उपराज्यपाल सक्सेना ने दिल्ली पुलिस को स्कूल परिसर में गहन तलाशी लेने, दोषियों की पहचान करने और कोई चूक न हो, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, जो बहुत बड़ी बात है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय दिल्ली से 13, नई दिल्ली से 6, पूर्वी दिल्ली के 24, उत्तरपूर्वी दिल्ली से 2, दक्षिणी दिल्ली के 18, दक्षिण पूर्वी दिल्ली से 10, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली से 20, पश्चिमी दिल्ली के 21 उत्तरपश्चिमी दिल्ली से 29, उत्तरी दिल्ली से 3, बाहरी उत्तरी दिल्ली से 4, शहादरा में 22, रोहिणी से 10, द्वारिका से 24, बाहरी दिल्ली से 16 समेत कुल 222 स्कूलों को धमकी वाला ईमेल मिला। इससे स्पष्ट है कि साजिश करने वाला किसी बड़े गेमप्लान का हिस्सा है, जिसका पर्दाफाश करना बहुत जरूरी है।

तीसरा, स्कूली आपातकाल प्रकरण पर दिल्ली पुलिस की जितनी तारीफ़ की जाए, वह कम है। क्योंकि



एक साथ दिल्ली के 100 से ज़्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की कॉल से जब हड़कंप मच गया, तब दिल्ली पुलिस ने एक साथ दिल्ली के सभी स्कूलों में बम स्क्वाड, डॉग स्क्वाड, स्निफर डॉग, फायर ब्रिगेड और अपनी विशेष टीमें भेज कर अपनी ततपरता का परिचय दिया। आलम यह रहा कि दिल्ली के बड़े बड़े अधिकारी यहाँ तक कि खुद दिल्ली के एलजी भी सड़कों पर उतर कर मुआयना कर रहे थे। यही वजह है कि सभी स्कूलों की कुछ ही घंटे में चेकिंग संभव हो पाई और बच्चे तथा टीचर से लेकर सभी स्कूलकर्मियों को सुरक्षित घर पहुँचाया जा सका। इससे साफ है कि दिल्ली पुलिस किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निबटने में पूरी तरह सक्षम है। यह हम सभी के लिए सुकून का विषय होना चाहिए।

चौथा, जिस तरह से दिल्ली, नोएडा और ग्रेटर नोएडा के करीब 200 से ज्यादा स्कूलों में बुधवार को धमकी भरा ई मेल भेजकर यह कहा गया कि इन स्कूलों में बम प्लांट किया गया है, किसी गहरी साजिश का नतीजा है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि देशद्रोही ताकतें हमारे नौनिहालों के मन में दहशत पैदा करने की कोशिश कर हैं, या फिर कहीं पर निगाहें, कहीं पर निशाना साधने की जुर्रत कर रहे हों। यही वजह है कि स्कूलों को मिले ई-मेल की सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस समेत तमाम एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। उम्मीद है कि इसके शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में बम वाला ईमेल भेजने के लिए रूस के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क का इस्तेमाल किया गया है। पुलिस अफसरों ने बताया कि इंटरनेट तो रूसी है, लेकिन इसका इस्तेमाल दुनिया के किसी भी कोने से किया जा सकता है। इसलिए जिस डिवाइस से इसे भेजा गया है, उसके आईपी एड्रेस का भी पता लगाया जा रहा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को पूरे मामले की जांच सौंपी गई है। धमकी वाला ईमेल ह्यड्डु1ड्डह्लद्बद्वद्गह्वद्गड्डद्बद्य.ह्लद्ब की आईडी से भेजा गया है। सवारीइम एक अरबी शब्द है, जिसका मतलब तलवारें टकराना है। इसे इस्लामिक स्टेट ने 2014 से इस्तेमाल करना शुरू किया था। धमकी भरा ईमेल भेजने के लिए प्रॉक्सी एड्रेस का प्रयोग हुआ।

पांचवां, बुद्धवार को जिस अफरातफरी में माता-पिता- रिश्तेदार अपने-अपने बच्चों को स्कूल से लेने के लिए पहुंचे, उसकी वजह से दिल्ली की सड़कों पर जाम जैसी स्थिति पैदा हो गई है।

हालांकि तब तक जिन स्कूलों की जांच की गई, वहां कुछ भी संदिग्ध जैसा नहीं मिला। इस पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साफ कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह फर्जी कॉल है। दिल्ली पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां प्रोटोकॉल के मुताबिक जरूरी कदम उठा रही हैं।

छठा, जिस तरह से कई बड़े स्कूलों को धमकी भरा ई-मेल भेजा गया है, उसके मायने को समझने और पड़ताल करने की दरकार है। क्योंकि अधिकारियों ने बताया कि मयूर विहार इलाके में स्थित मदर मैरी स्कूल, द्वारका स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल, चाणक्यपुरी के संस्कृति स्कूल, वसंत कुंज के दिल्ली पब्लिक स्कूल, साकेत स्थित एमिटी स्कूल और नोएडा सेक्टर 30 में दिल्ली पब्लिक स्कूल आदि को ईमेल के जरिये परिसर में बम रखे होने की धमकी दी गई, उसका स्पष्ट मकसद है कि अर्बन नक्सली या आतंकी जैसे तत्व हमारे देश के अभिजात्य वर्ग के दिलोदिमाग में वही दहशत का भाव कायम रखना चाहते हैं, जो 2014 से पहले इस देश में व्याप्त रही है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि 2024 के आमचुनाव में नरेंद्र मोदी सरकार की विदाई के कथित आसार से देशद्रोही तत्व फिर से सिर उठाने शुरू कर दिए हों और इस रूप में उन्होंने अपना नापाक पूर्वाभ्यास किया हो। यदि ऐसा है तो देशवासियों को समझबुझकर मतदान करना चाहिए, क्योंकि अभी 2 चरण ही मतदान के हुए हैं और 5 चरण अभी बाकी हैं!

सातवां, दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक, सभी विद्यालयों को खाली करा लिया गया और स्थानीय पुलिस को ईमेल के बारे में जानकारी दे दी गई। जिसके बाद बम का पता लगाने वाली टीम, बम निरोधक दस्ता और दिल्ली दमकल सेवा के अधिकारी तुरंत दिल्ली के विद्यालयों में पहुंच गए और तलाशी अभियान चलाए।

उधर, स्कूलों में बम होने की सूचना मिलने के बाद दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट किया कि दिल्ली के कई स्कूलों में बम होने की धमकी देने का मामला सामने आया है, जिसके बाद सम्बन्धित स्कूलों को फिलहाल खाली करा दिया गया है। पुलिस फिलहाल स्कूल के अंदर जांच कर रही है।

अभी तक जिन स्कूलों की जांच हो चुकी है, वहां से कुछ भी संदेहास्पद नहीं मिला है। हम अभिभावकों से निवेदन करते हैं वो घबराएं नहीं। वहीं, दिल्ली पुलिस ने भी कहा कि, यह एक शरारत है, दहशत फैलाने के लिए इतने बड़े पैमाने पर सभी स्कूलों को एक मेल भेजा गया है। साइबर सेल यूनिट भी ईमेल और आईपी एड्रेस का पता लगाने की कोशिश कर रही है। गौरतलब है कि फरवरी में, आर के पुरम में दिल्ली पब्लिक स्कूल में इसी तरह की बम की धमकी मिली थी, जो बाद में अफवाह निकली थी।

आठवां, डीपीएस समेत विभिन्न स्कूलों ने अपनी ततपरता का परिचय देते हुए परिजनों को मेल भेजा, जिसमें साफ कहा गया कि, आपको सूचित किया जाता है कि स्कूल को एक ईमेल प्राप्त हुआ है जिससे छात्रों की सुरक्षा को खतरा है। एहतियात के तौर पर हम छात्रों को तुरंत घर वापस भेज रहे हैं। वहीं, नोएडा पुलिस ने कहा कि शहर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में कक्षाएं निलंबित कर दी गयीं और पुलिस बल तैनात किया गया। सूचना पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पुलिस बल स्कूल के आसपास तलाशी अभियान चला रहा है। अन्य जरूरी उपाय भी किए जा रहे हैं। वहीं, एक अधिकारी ने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि और भी विद्यालयों को इस तरह का धमकी भरा ईमेल मिला होगा और संदेह है कि इन सबके पीछे एक ही व्यक्ति का हाथ है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ समेत सुरक्षा एजेंसियां ईमेल के स्रोत का पता लगाने में जुटी हैं।

नौवां, दिल्ली एनसीआर के कई स्कूलों में भी इसी तरह बम होने के ईमेल मिले हैं। मदर मेरी स्कूल में बच्चों की परीक्षा चल रही थी लेकिन बम मिलने की जानकारी के बाद परीक्षा को बीच में ही रुकवा दिया गया।

स्कूल ने आपातकाल घोषित करते हुए सभी बच्चों को तुरंत वापस घर भेज दिया। इसके बाद अभिभावकों में भी दहशत का माहौल है। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि कई स्कूलों को इस तरह का मेल आया है, जिसमें कहा गया कि स्कूल परिसर में बम है।

# मसालों की गुणवत्ता व व्यापारिक कूटनीति के प्रश्न

समय और संदर्भ मिलकर साझे तौर पर हमारे देशकाल को रचते हैं। इस लिहाज से देखें तो हमारा देशकाल बीसवीं सदी के आखिरी दशक से लेकर अब तक कई ठोस निर्मितियों को लेकर आया है। हम इस पूरे दौर को देखेंगे तो कई बातें जहां साफ होती हैं, वहीं इससे हम अपने समकाल को भी ज्यादा बेहतर समझ पाते हैं। गौरतलब है कि दुनियाभर में बाजार के दरवाजे एक साथ खुलने से जो स्थिति पैदा हुई है, उसमें भारत जैसे बड़ी आबादी और उत्पादक संभावनाओं वाले देश ने बीते दो-तीन दशक में बड़ी छलांग लगाई है। अब इससे आगे की स्थिति पगबाधा दौड़ जैसी है। भारत के लिए यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि उसे खासतौर पर व्यापारिक मोर्चे पर न सिर्फ कठिन अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा से गुजरना पड़ रहा है, बल्कि विभिन्न स्तरों पर सक्रिय अंतर्राष्ट्रीय लॉबी भी उसके खिलाफ है। बड़ी बात यह कि खासतौर पर कोविड बाद के दौर में भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़ी मजबूती ने भारत के खिलाफ अघोषित रूप से अंतर्राष्ट्रीय सांठगांठ को जन्म दिया है। लिहाजा इसे व्यापारिक कूटनीति के रूप में देखना ज्यादा सही होगा। किसी एक देश के खिलाफ इस तरह कूटनीतिक मोर्चा खुलना बिल्कुल नई बात है। इसी पूरे मामले में नई खबर यह है कि भारत में बने कफ सिरप पर रोक से शुरू हुआ मामला अब भारत से निर्यात हुए मसालों तक आ पहुंचा है। सिंगापुर और हांगकांग द्वारा भारत के कुछ बड़े ब्रांड के मसालों को बैन करने के बाद अमेरिकी फूड और ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) भी इस मामले में सक्रिय हो गया है। हैरत नहीं कि बैन का फैसला अमेरिका की तरफ से भी देर-सवेर आ जाए। फिलहाल की स्थिति में एफडीए ने कहा है वह भारतीय कंपनियों को लेकर जारी रिपोर्ट्स को लेकर गंभीर है और वह इस बाबत ज्यादा जानकारी जुटाने में लगा है। वैसे एफडीआई की जांच या किसी निर्णायक जांच या निर्देश से पहले ही अमेरिका में भारतीय मसालों को लेकर सख्ती बढ़ गई है। आलम यह है कि बीते छह महीने में अमेरिका ने भारत की सबसे बड़ी मसाला कंपनी के 31 फीसद मसालों के शिपमेंट को लेने से मना कर दिया है। अमेरिका से भारतीय मसालों के शिपमेंट को लौटाने के पीछे फिलहाल कारण यह बताया जा रहा है कि यह फैसला साल्मोनेला संक्रमण के खतरों को लेकर लिया गया है। अलबत्ता भारतीय मसालों को लेकर अस्वीकार की स्थिति अमेरिका में नई नहीं है। बल्कि देखा जाए तो यह सिंगापुर और हांगकांग के बैन के पहले से चला आ रहा मामला है। अमेरिकी सीमा शुल्क अधिकारियों ने पिछले साल भी भारत से आने वाले 15 फीसद मसालों को लौटाया था। वैसे भारत और अमेरिका से आगे बढ़कर यह मामला अब मालदीव तक पहुंच गया है। मालदीव ने भारतीय मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। मालदीव की फूड एंड ड्रग अथॉरिटी का कहना है कि भारत के दो मशहूर ब्रांड के मसालों में एथिलीन ऑक्साइड मिला है जिसके कारण इनकी बिक्री पर रोक लगाई गई है। इससे पहले सिंगापुर और हांगकांग ने इन भारतीय ब्रांडों के कुछ उत्पादों में पेस्टिसाइड एथिलीन ऑक्साइड की लिमिट से ज्यादा मात्रा होने के कारण उन्हें प्रतिबंधित किया था। बताया गया कि इनमें पेस्टिसाइड की ज्यादा मात्रा से कैंसर होने का खतरा है। बात अंतर्राष्ट्रीय मानक और चेतावनियों की करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी) एथिलीन ऑक्साइड को ग्रुप वन के कार्सिनोजेन के रूप में देखती और वर्गीकृत करती है। लिहाजा इस निष्कर्ष से इनकार मुश्किल है यह लोगों में कैंसर का कारण बन सकता है। अंतर्राष्ट्रीय जगत से आई इन खबरों के बाद भारत का सक्रिय होना स्वाभाविक है। यह उसके लिए व्यापार में नुकसान से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय साख का सवाल है। लिहाजा दो देशों के बैन के घोषित फैसले के बाद भारतीय खाद्य सुरक्षा नियामक भी इन दोनों कंपनियों के मसालों की जांच कर रहा है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3170



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 3169 का हल



## हंसी के फूव्वारें

फौजदारी का मुकदमा था.

अपराध स्वीकार कर लेने के पश्चात वकील ने अपराधी से पूछा- 'तुमने उसे कितने थप्पड़ मारे थे?'

'जी एक!'

तभी वह आदमी चिल्ला पड़ा जिसे मार पड़ी थी- 'यह झूठ बोलता है मीलॉर्ड! इसने मुझे पांच थप्पड़ मारे थे!'

इस पर अपराधी ने भोलेपन से कहा- 'मीलॉर्ड! मैंने मारा तो एक ही थप्पड़ था, पर इसके स्वास्थ्य को देखते हुए मैंने उसे पांच किश्तों में बांट दिया था.'

□ □ □

एक बार परेड हो रही थी.

एक कमांडर को बहुत कम जवानों के नाम याद रहते थे. वह जिस किसी जवान का नाम जानता था, परेड के समय उसी को ज्यादा टोकता था.

उस दिन परेड में वह चिल्लाया- 'महेश! परेड के साथ नहीं चलते. कदम बराबर मिलाओ! तुम बहुत सुस्त चलते हो.'

'सर!'

सूबेदार ने सूचना दी- 'महेश तो आज छुट्टी पर है.'

'तो क्या हुआ?'

कमांडर और जोर से चीखा- 'वह वहां भी सुस्त चल रहा होगा.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3170



**बायें से दायें:-**

१. कारगिल युद्ध पर बनी जे. पी. दत्ता की बहु-सितारा फिल्म-२,१,१
३. 'रूप सलोना तेरा' गीत वाली सनी, अक्षय, मनीषा की फिल्म-२,३
६. आमिर, माधुरी दीक्षित की 'खंभे जैसी खड़ी है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'अपना बनाना है' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
८. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश में और' गीत वाली फिल्म-२
९. 'रिमझिम के गीत' गीत वाली राजेंद्र कुमार, बबीता की फिल्म-४
१२. 'छोटा कद और पेट बड़ा' गीत वाली संजयदत्त, नम्रता की फिल्म-३
१३. अजय देवगन, मधु, सोनाली की 'किसी के इश्क' गीत वाली फिल्म-४
१५. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम की नायिका कौन थी-२
१८. अक्षय कुमार, माधुरी की 'अब तेरे दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सात सुरों के तार' गीत वाली जैकी, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२१. फरदीन, करीना की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'डैडी कूल कूल' गीत वाली शाहरूख खान, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२३. राजीव कपूर, डिम्पल की 'कोई भी नाम दो' गीत वाली फिल्म-२
२४. अभिनेत्री पूजा भट्ट के पिता-३
२६. दिलीपकुमार, वहीदा रहमान की 'कल के सपने' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'तुझे ना देखूँ तो' गीत वाली जीतेंद्र, कमल सदाना, दिव्या की फिल्म-२
३०. सुमीत सहगल, शिखा की 'पीछे पीछे आजा' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दिल लगाने की' गीत वाली अक्षय, अमिताभ, राखी, जूही की फिल्म-२,२
२. अतीन भल्ला, संदली की एक फिल्म-२
३. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली फिल्म-२
४. संजयदत्त, काजोल की 'आवाज दो हमको' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली फिल्म-३
६. अजय देवगन, रवीना की 'कितना हसीन चेहरा' गीत वाली फिल्म-४
९. राजेश खन्ना, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
१३. सनी, बॉबी, उर्मीला की 'कोई नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'तुम आए तो आया' गीत वाली अजय देवगन, पूजा भट्ट की फिल्म-२
१६. 'कहाँ से आई रानी' गीतवाली फिल्म-२,२
१७. 'मैं जब बोलूँ हाँ' गीत वाली जीतेंद्र, नीतूसिंह की फिल्म-४
१८. अशोककुमार, सुमिता की 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'दोस्त दोस्त ना रहा' गीत वाली फिल्म-३
२०. अक्षय, करिश्मा की 'दिल ले गया' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'रजिया सुल्तन' में रजिया सुल्तन की शीर्षक भूमिका किसने की हैं-२
२६. 'तेरा क्या लगता है' गीत वाली फिल्म-२
२७. फिल्म 'काजल' की नायिका कौन थी-३
२८. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 3169



## सुडोकु - 3170



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सुडोकु -3169 का हल



## शब्द पहेली - 3170



**बाएँ से दाएँ**

1.जाति,समाज,बुंधता-4
3.स्वयंवर माला,जीत-4
6.चूहे का घर-2
7.स्थिर,टिका हुआ-3
8.पार्थिव देह,लाश-2
10.सुवासित करना-4
11.थोड़ा,कम-2
13.मोटा आटा,दानेदार-4
15.गौरव,अभिमान-3
17.विष्णु,नारायण-4
20.वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21.होशियार,दक्ष-3
23.उचित,सही-3
25.जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26.करिश्मा,करतब-4
29.भर्त्सना,धिक्कार-3
31.गुलाम,परतंत्र-4
32.बेल,लतिका-2
34.आश्चर्य-4
35.नांद,टप-2
37.मग्नता-3
39.मछली-2
40.कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41.मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**

1.विधेयक,देयक-2
2.विजयादशमी-4
3.जीत,विजय-2
4.जुड़वा-3
5.शव,मृत शरीर-2
6.बंधु,सजातीय,भाई-4
7.एक आंख वाला-2
9.मौजूदा,आधुनिक-4
10.मदमस्त-4
12.धुन,लय,सुर-2
14.इच्छा,कामना-2
16.सुर साधना-3
18.भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19.छुट्टी,अवकाश-2
21.अच्छे कुल का-3
22.भाग्य (अंग्रेजी-2)
24.यम,मृत्यु का देवता-4
25.अपमिश्रण, खोट-4
27.निशा,रात्रि-2
28.कहासुनी,कलह-4
30.तल्ला,पैंदा-2
31.गुलामी,पराश्रित-4
33.शिक्षा(उर्दू-3)
34.अदा करना,चुकाना-2
36.एक सवारी गाड़ी-2
38.झुका हुआ-2
39.दोस्त,सखा-2

शब्द पहेली - 3169 का हल



# हाइपावर कमेटी के सामने किसान संगठन ने उठाए मुद्दे

## सीएम के निर्देश पर बनी है कमेटी, बैठक में कमेटी के अध्यक्ष रजनीश दुबे ने दिया आश्वासन

नोएडा। जनपद में किसानों की समस्याओं को लेकर गुरुवार को हाइपावर कमेटी की एक बैठक सुरजपुर कलेक्ट्रेट के सभागार में हुई। इस बैठक में किसान संगठन के अलावा राजस्व परिषद के अध्यक्ष रजनीश दुबे, सदस्य मंडल आयुक्त मेरठ, डीएम गौतम बुध नगर है के साथ-साथ तीनों प्राधिकरण के सीईओ मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता रजनीश दुबे ने की। अधिकारियों के समक्ष किसानों की मांग को विस्तार से रखा गया। बता दे किसानों के लगातार प्रदर्शन के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस कमेटी का गठन किया गया था।

कमेटी किसानों की मांगों का अध्ययन कर एक रिपोर्ट तैयार करेगी। जिसे सीएम के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। सबसे पहले किसान सभा की अध्यक्ष डॉक्टर रुपेश वर्मा ने कमेटी को मांगों से अवगत कराते हुए कहा कि किसानों का 10 प्रतिशत प्लाट का मुद्दा गजराज सिंह के आदेश में तय हो चुका है। आदेश के अनुसार रिट याचिकाएं में आच्छादित किसानों को अनिवार्य तौर पर 10 प्रतिशत प्लाट मिलना था एवं अन्य प्रभावित किसानों को प्राधिकरण के विवेका अनुसार अतिरिक्त मुआवजे और 10 प्रतिशत प्लाट का लाभ दिया जाना था।

प्राधिकरण ने ठाकुर जयवीर सिंह की कमेटी की सभी किसानों को अतिरिक्त मुआवजा और 10 प्रतिशत प्लाट देने की सिफारिश में से अतिरिक्त मुआवजे की सिफारिश को अपनाते हुए सभी प्रभावित किसानों को मुआवजा वितरण कर दिया।



लेकिन 10 प्रतिशत आबादी को अभी तक नहीं दिया इसके संबंध में किसान सभा ने साल 2023 में 124 दिन लगातार आंदोलन किया। परिणाम में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 10 प्रतिशत का प्रस्ताव पारित कर शासन को संदर्भित किया। आंदोलन के दूसरे चरण में उक्त कमेटी गठित की गई है।

जिसकी सिफारिश के आधार पर शासन 10 प्रतिशत प्लाट के प्रस्ताव पर फैसला लेगा। दूसरा मुद्दा नए भूमि अधिग्रहण कानून के संबंध में रखा गया। जिसमें समिति को अवगत कराया गया कि कानून का उल्लंघन करते हुए 2014 से अभी तक सर्किल रेट में रिवीजन नहीं हुआ। ग्राम सभाएं जानबूझकर खत्म की गई हैं। कानून के अनुसार 20 प्रतिशत प्लाट के नियम का उल्लंघन हुआ है। अधिग्रहण प्रभावित हर परिवार को नौकरी देने के नियम का भी उल्लंघन हुआ है। समिति से निवेदन है कि नए कानून का पालन करते हुए इसे लागू कराया जाए।

तीसरे मुद्दे के अंतर्गत प्राधिकरण में अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को दिए जाने वाले न्यूनतम 120 वर्ग मीटर प्लाट साइज को कम करते हुए 40 वर्ग मीटर और बाद में 117 वीं बोर्ड बैठक में 40 वर्ग मीटर को भी समाप्त करने का मुद्दा उठाया। मुद्दे के अंतर्गत समिति को अवगत कराया गया कि 3 सितंबर 2010 के शासनादेश के अंतर्गत न्यूनतम 120 वर्ग मीटर का प्लाट दिया जाना अनिवार्य है। अवगत कराया गया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 56वीं बोर्ड बैठक में 120 वर्ग मीटर के न्यूनतम साइज के प्लाट की नीति को पुन: बहाल किया जाए।

इसके बाद भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुख वीर ख़लीफ़ा ने नोएडा के किसानों की मांग को रखा। उन्होंने बताया कि किसानों को 10 प्रतिशत प्लाट, 64.7 प्रतिशत मुआवजा 1997 से सभी को दिया जाए।

आबादी का संपूर्ण निदान किया जाए। मूल 5 प्रतिशत के प्लाट सभी को दिए जाएं। पुश्तैनी गैर पुश्तैनी का भेद खत्म किया जाए। 100 प्रतिशत उठे हुए मुआवजा में 10 प्रतिशत जमा कर करके उसको पत्र की श्रेणी में लाया जाए। किसानों के 5 प्रतिशत की प्लाट पर कॉमर्शियल गतिविधि को अनुमति दी जाए।

# नोएडा प्राधिकरण ने फिर ध्वस्त किया अवैध निर्माण

## दो वर्क सर्किल की 1550 वर्गमीटर जमीन को कराया कब्जा मुक्त, कीमत 3.20 करोड़ रुपए

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण लगातार अपनी जमीन को कब्जा मुक्त करा रहा है। इस क्रम में वर्क सर्किल-8 और 10 ने अपने क्षेत्र में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। करीब 1550 वर्गमीटर जमीन को अवैध कब्जा मुक्त कराया। दोनों स्थानों की जमीन की कीमत करीब 3.20 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

सर्किल-8 में सेक्टर-93 श्रमिक कुंज-2 में फ्लैट आवंटियों के द्वारा किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। ये करीब 50 वर्गमीटर जमीन पर किया गया था। जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपए है।

इसके अलावा सर्किल-10 में सेक्टर-147 शिव मंदिर के पीछे नोएडा प्राधिकरण ने पुलिस बल की मौजूदगी में करीब 1500 वर्गमीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। यहां बास बल्ली लगाकर अवैध निर्माण किया जा



रहा था। ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार सेक्टर- 147 के लिए नियोजित है। इस जमीन की कीमत करीब 3 करोड़ रुपए है।

बता दें, प्राधिकरण ने विगत महीने 30 दिन में करीब 1 लाख 16 हजार 885 वर्गमीटर से ज्यादा जमीन को कब्जा मुक्त कराया और अपने कब्जे में लिया। ये जमीन अलग-अलग गांव में भू-माफियाओं और कलोनाइजर द्वारा कब्जा की गई थी। इस जमीन पर अवैध रूप से प्लाटिंग, कमरे और दुकान बनाए गए थे। प्राधिकरण ने बुलडोजर से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। इस जमीन की कीमत करीब 585.8 करोड़ रुपए आंकी गई।

प्राधिकरण ने नोएडा के गांव बसई, सलारपुर, हिंडन विहार, भंगेल, पर्थला, सोरखा जाहिदाबाद, असदुल्लापुर, मोहियापुर, गढ़ी समस्तीपुर, गुलावली में अवैध निर्माण को हटाया। इसके अलावा कई सेक्टरों में भी अवैध निर्माण पर ड्राइव जारी है। प्राधिकरण ने बताया कि अब भी जमीन को मास्टर प्लान के अनुसार तलाश की जा रही है। जहां-जहां भी जमीन पर अवैध कब्जा है। उस पर किसी प्रकार का निर्माण किया गया है या हो रहा है। उसे हटाया जाएगा।

### शामिल अधिकारियों और कर्मचारी पर कार्यवाही कब

ये निर्माण एक दिन या रातोरात नहीं हुआ। एक लाख वर्गमीटर जमीन पर धीरे-धीरे निर्माण करवाया गया। ये काम बिना प्राधिकरण कर्मचारियों के संलिप्त के नहीं हो सकता। ऐसे में कर्मचारियों और अधिकारियों पर भी गाज गिरना तय मानी जा रही है। इसके लिए जल्द प्राधिकरण बड़ा एक्शन लेगा।

# प्लास्टकि-प्रदूषण के खिलाफ एनपीसीएल की मुहिम

## जेआईएमएस के छात्र भी जुड़े, 13 महीने में 20 हजार से ज्यादा बोतलों को रिसाइकिल किया

गौतम बुद्ध नगर। प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड की ओर से चलाई जा रही मुहिम का अब व्यापक असर देखने को मिल रहा है। ग्रेटर नोएडा को प्लास्टिक मुक्त बनाने की मुहिम में अब एनपीसीएल को दिल्ली के कालकाजी स्थित जगन्नाथ इंटरनेशनल मैनेजमेंट स्कूल के छात्रों का भी सहयोग मिल रहा है। जेआईएमएस के छात्रों की एक टीम ने ग्रेटर नोएडा पहुंचकर एक ही दिन में 200 से ज्यादा प्लास्टिक की बोतलें इकट्ठा कर उन्हें एनपीसीएल की ओर से स्थापित आरवीएम मशीन में रिसाइकिल कर शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के अभियान में अपना अहम योगदान दिया। एनपीसीएल की ओर से पिछले साल मार्च महीने में शुरू की गई इस मुहिम के तहत पिछले 13 महीनों में 20000 से ज्यादा प्लास्टिक की बोतलों को इकट्ठा कर उसे अलग-अलग आरवीएम मशीनों में रिसाइकिल किया जा चुका है। ग्रेटर नोएडा में एनपीसीएल की ओर से स्थापित 7 रिवर्स वेंडिंग मशीनों में रिसाइकिल के बाद 600 से ज्यादा टी-शर्ट तैयार कर उन्हें उन लोगों में वितरित किया जा चुका है, जो प्लास्टिक की बोतल या फिर एल्यूमिनियम कैन को इकटठा कर उसे रिसाइकिल करने में मदद करते हैं।

एनपीसीएल की ओर से स्थापित आरवीएम एक ऐसी मशीन है जिसमें इस्तेमाल की हुई प्लास्टिक की बोतल या फिर एल्युमिनियम कैन को क्रश किया जाता है और बाद में रिसाइकिल कर उससे अलग-अलग वस्तुओं का निर्माण किया जाता है जिसमें टी-शर्ट, कैप इत्यादि शामिल हैं।

# कंपनी के सैंपल कलेक्शन रूम में युवक ने लगाई फांसी

## मौके से सुसाइड नोट मिला, 3 महीने से सैलरी नहीं मिली थी, कर्ज से परेशान था

**नोएडा। नोएडा** में सेक्टर 62 एक लैब के कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। कंपनी के सैंपल कलेक्शन रूम में फंदे से लटकता उसका शव मिला। शव के पास से पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है। जिसमें 3 महीने से सैलरी न मिलना सुसाइड की वजह बताई गई है।

सेक्टर 62 की टेक्सास बॉय लैब कंपनी में डिंपल कुमार नाम का कर्मचारी काम करता था। वो मूलरूप से अलीगढ़ जिले का रहने वाला था। डिंपल नोएडा के ही एफ-60 ग्राम बिशनपुरा सेक्टर 58 में रहता था।



घटना की सूचना पुलिस को देर रात मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मृतक के मोबाइल फोन को कब्जे में ले लिया है। सुसाइड नोट में सैलरी न मिलने की वजह से कर्ज लेने की बात भी लिखी गई है। कंपनी की तरफ से बताया गया कि मैनेजमेंट में बदलाव न होने के कारण सैलरी मिल पाने में देर हुई। उसे जल्द सैलरी देने की बात कही गई थी।

# क्रेडिट कार्ड बनवाने का झांसा देकर 49 हजार ठगे

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने छपरौली गांव में रहने वाले युवक को क्रेडिट कार्ड बनवाने का झांसा देकर 49,416 रुपये हड़प लिए। जालसाजों ने पीड़ित के फोन में एक ऐप को डाउनलोड करा ठगी की। उन्होंने इसको लेकर एक्सप्रेसवे थाने में केस दर्ज कराया है।पुलिस को दी गई शिकायत में आदित्य कुमार ने बताया कि उनके पास कुछ समय पहले एक निजी बैंक से फोन आया। इस दौरान उनकी बात एक व्यक्ति से हुई। उसने खुद को बैंक का कर्मचारी होने की बात कही। इस दौरान आरोपी ने उनको अच्छे ऑफर में क्रेडिट कार्ड दिलाने की बात कही। उसने क्रेडिट कार्ड बनवाने का फॉर्म भरने के लिए उनके फोन में एक ऐप को डाउनलोड कराया। पीड़ित ने जैसे ही ऐप को डाउनलोड किया। जालसाजों ने उनके फोन को हैक करके कई बार में उनके खाते से 49416 रुपये निकाल लिए।

# यूपी रेरा ने आवंटी को दिलाया कब्जा

हाल ही में उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) के कंसिलिएशन फोरम ने एक विवाद का समाधान किया, जिसमें प्रोमोटर ;मेसर्स गौर संस हाई-टेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और आवंटी प्रियंका सिंह के बीच विवाद था। यह विवाद गौतमबुद्ध नगर स्थित गौर सिटी मॉल में एक यूनिट के कब्जे में देरी से संबंधित था। उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) के कंसिलिएशन फोरम ने मात्र 3 सुनवाइयों में प्रोमोटर मेसर्स गौर संस हाई-टेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड की परियोजना के एक आवंटी प्रियंका सिंह के लिए कब्जे में हुए विलंब के ब्याज और विवादों का आपसी सहमति से समाधान करवाते हुए उनकी यूनिट का कब्जा दिलाना सुनिश्चित किया।

### जुलाई 2019 में की थी बुकिंग

प्रियंका सिंह ने जुलाई 2019 में




गौतमबुद्ध नगर स्थित गौर सिटी मॉल में एक यूनिट की बुकिंग की थी। इस प्रोजेक्ट में लगभग 12 लाख 93 हजार रुपये की लागत वाली यूनिट के लिए उन्होंने एग्रीमेंट फॉर सेल के अनुसार शत प्रतिशत राशि का भुगतान कर दिया था। उन्हें सितंबर 2019 तक कब्जा प्राप्त होना था, लेकिन कब्जा प्राप्त नहीं हुआ।

### वर्ष 2022 में यूपी रेरा गई महिला

प्रियंका सिंह ने वर्ष 2022 में यूपी रेरा कंसिलिएशन फोरम में शिकायत दर्ज करके यूनिट का कब्जा और विलंबित अवधि के ब्याज की मांग की। कंसिलिएशन फोरम की मध्यस्थता बैठक में प्रोमोटर ने बताया कि परियोजना को अक्टूबर 2020 में ओसी प्राप्त हो चुका है और आवंटी को कब्जा प्राप्त करने का प्रस्ताव दिया गया है।

### इसलिए बिगड़ रही थी बात

कंसिलिएशन फोरम ने दोनों पक्षों को अपनी मांगे और प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए विवाद का समाधान करने की सलाह दी। एग्रीमेंट फॉर सेल गणना के अनुसार प्रोमोटर ने आवंटी को विलंबित अवधि का लगभग रुपये 24 हजार का ब्याज और अगले 1 वर्ष के एडवांस मेंटेनेंस का लाभ देने का प्रस्ताव दिया, जिसे आवंटी ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समझौता कर विवाद का समाधान कर लिया। आवंटी प्रियंका सिंह ने यूपी रेरा के प्रयासों की सराहना की।

# यथार्थ ग्रुप कंस्ट्रक्शन एंड फैसिलिटी मैनेजमेंट के फर्जीवाड़े का खुलासा

नोएडा के हलचल भरे माहौल में, यथार्थ ग्रुप कंस्ट्रक्शन एंड फैसिलिटी मैनेजमेंट, एक कंपनी काम कर रही है। चेन्नई में पंजीकृत होने के बावजूद, इसका संचालन दूर-दूर तक फैल गया है, जो नौकरी चाहने वालों को संपन्न क्रूज जहाज उद्योग में रोजगार के आकर्षण के साथ आकर्षित कर रहा है। हालाँकि, इसके नाम के मुखौटे के नीचे धोखे और शोषण का एक जाल छिपा हुआ है, जो बिना सोचे-समझे व्यक्तियों की आशाओं और सपनों का शिकार है। अपने नाम के विपरीत, यथार्थ समूह की प्रथाएँ सत्य और नैतिक हैं। वैध निर्माण और सुविधा प्रबंधन प्रयासों में संलग्न होने के बजाय, कंपनी अपने लाभ के लिए नौकरी चाहने वालों की आकांक्षाओं का शोषण करते हुए, धोखाधड़ी गतिविधियों में संलग्न रही है। यथार्थ समूह की कार्यप्रणाली में क्रूज जहाजों पर आकर्षक रोजगार के अवसरों के वादे के साथ व्यक्तियों को लुभाना शामिल है। नौकरी चाहने वाले, एक नए साहसिक कार्य पर जाने और स्थिर रोजगार हासिल करने के लिए उत्सुक, एक रोमांचक और गतिशील वातावरण में काम करने की संभावना से लुभाए जाते हैं। हालाँकि, इसके बाद एक भयावह मोड़ आता है जो उन्हें धोखा देता है और आर्थिक रूप से बर्बाद कर देता है।

संभावित कर्मचारियों को चिकित्सा परीक्षाओं और वीज़ा प्रसंस्करण शुल्क की आड़ में अत्यधिक धनराशि का भुगतान करना पड़ता है। फर्जी मेडिकल जांच के लिए चौंका देने वाले 11,000 रुपये और फर्जी वीजा प्रोसेसिंग फीस के लिए अतिरिक्त 38,000 रुपये की मांग संदिग्ध व्यक्तियों से की जाती है। ये फीस, कथित तौर पर क्रूज जहाजों पर उनके रोजगार की सुविधा के लिए है, हताश नौकरी चाहने वालों से पैसे ठगने की एक चाल के अलावा और कुछ नहीं है।

चेन्नई में कंपनी के पंजीकरण और नोएडा में इसके संचालन के बीच भौगोलिक असमानता इसकी भ्रामक प्रथाओं में जटिलता की एक और परत जोड़ती है। अपने पंजीकृत पते से भिन्न स्थान पर संचालन यथार्थ समूह को जांच और जवाबदेही से बचने में सक्षम बनाता है, जिससे अधिकारियों के लिए ऐसी धोखाधड़ी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए जिम्मेदार लोगों को ट्रैक करना और पकड़ना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इन गंभीर धोखाधड़ी वाली योजनाओं को लेकर, अधिकारियों को यथार्थ ग्रुप कंस्ट्रक्शन और फैसिलिटी मैनेजमेंट के खिलाफ त्वरित और निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए। ऐसी भ्रामक योजनाओं को संचालित करने वालों को जिम्मेदार ठहराने और रोजगार के अवसर चाहने वाले कमजोर व्यक्तियों के शोषण को रोकने के लिए उपाय किए जाने चाहिए।

इसके अलावा, नौकरी चाहने वालों के बीच जागरूकता बढ़ाई जानी चाहिए ताकि उन्हें इसी तरह की धोखाधड़ी प्रथाओं का शिकार होने से बचाया जा सके। व्यक्तियों को धोखाधड़ी वाली नौकरी की पेशकश से जुड़े लाल झंडों और चेतावनी संकेतों के बारे में शिक्षित करके, हम उन्हें सूचित निर्णय लेने और खुद को शोषण से बचाने के लिए सशक्त बना सकते हैं।

# मिल्क खटाना गांव में फायरिंग, पुलिस तैनात

दादरी। मिल्क खटाना गांव में रंजिश में आदेश कुमार के घर पर बृहस्पतिवार को गांव के युवकों ने 15 से अधिक गोलियां चलाईं, हालांकि परिवार के लोग बाल-बाल बचे। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख आरोपी भाग निकले। तहरीर मिलने पर पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि आदेश का गांव के ही कल्लू उर्फ कुलदीप व अन्य से रंजिश चल रही है। पिछले साल 17 सितंबर को भी दादरी-जारचा रोड पर एक-दूसरे पर फायरिंग की गई थी। इसकी रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। उस समय दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। रंजिश बढ़ते देख आसपास के लोगों ने फैसले के लिए भी दबाव बनाया जा रहा था। बृहस्पतिवार देर शाम घर के बाहर खड़े आदेश को देखकर कल्लू, सचिन, सोनू और संदीप गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। गोली चलने पर आदेश और परिजन ने घर में घुसकर जान बचाई। एसीपी रमेश पांडे का कहना है कि गांव में दो पक्षों में रंजिश को लेकर फायरिंग की गई है। पुलिस बल तैनात किया गया है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# फर्जी मेडिकल रिपोर्ट बनाने पर डॉक्टर समेत 6 पर एफआईआर

## कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया गया मुकदमा, कमेटी की जांच में सच आया सामने

नोएडा। सूरजपुर थाने में कोर्ट के आदेश बादलपुर सरकारी अस्पताल के डॉक्टर समेत 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि आरोपी पक्ष के लोगों के कहने पर डॉक्टर ने फर्जी मेडिकल रिपोर्ट तैयार की थी। जिसके आधार पर आरोपी पक्ष ने गांव के दो लोगों पर के खिलाफ झूठा केस दर्ज कराया था। पुलिस ने केस दर्ज जांच शुरू कर दी है।

ग्रेटर नोएडा के लखनावली गांव के रहने वाले एडवोकेट सुनील चपराना ने बताया कि कुछ दिनों पहले उनके बच्चे का पड़ोसी के बच्चे के साथ स्कूल बस में झगड़ा हो गया था। इसी बात को लेकर उनके पड़ोसी वकील सुनील फागना ने सुनील चपराना और उनके बुजुर्ग पिता और दो परिजनों को झूठे मुकदमे में फंसाने के लिए सरकारी अस्पताल में तैनात डॉक्टरों से साठगांठ कर अपनी नाबालिग भतीजी की पसली टूटने का मेडिकल बनवाकर मुकदमा दर्ज कराया था।

फर्जी मेडिकल की सच्चाई सबके सामने लाने के लिए एडवोकेट सुनील चपराना ने जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों को डॉक्टर अशोक और वकील सुनील फागना द्वारा फर्जी मेडिकल रिपोर्ट तैयार करने के बारे में शिकायत की। सीएमओ के आदेश पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमेटी बनाकर दोबारा जांच की गई। जिसमें पसली टूटने की बात झूठी निकली। फर्जी मेडिकल के अलावा सीसीटीवी फुटेज के चलते वकील सुनील फागना द्वारा बनाई गई कहानी पुलिस की विवेचना में पूरी तरह से झूठी निकली।

पीड़ित एडवोकेट ने इस मामले में आरोपी पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए कोर्ट में याचिका दायर की। अब कोर्ट के आदेश पर सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने वकील सुनील फागना, उसके चचेरे भाई महेश, रोहित, अजय समेत डॉक्टर अशोक के अलावा दो अन्य अज्ञात डॉक्टरों पर मुकदमा दर्ज किया है। सूरज पुर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# शार्ट न्यूज

## यूपी पुलिस के सिपाही ने भाई को पीटा

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना कविनगर क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में यूपी पुलिस के सिपाही ने अपने सगे भाई की पिटाई कर दी। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित ने बताया कि उसने अपने भाई को बिजनेस करवाया था जिसमें उसके पैसे कांस्टेबल ने मार लिए हैं। इस मामले में कोर्ट में कैसे चल रहा है। गौतमबुद्धनगर निवासी पंकज कश्यप गाजियाबाद के थाना कविनगर के इंडस्ट्रियल एरिया के एक ऑफिस में बैठे हुए थे। इस दौरान उनका छोटा भाई पवन कश्यप जो यूपी पुलिस में कांस्टेबल है और फिलहाल मेरठ में तैनात है वह इस दफ्तर में आता है और अपने भाई की पिटाई शुरू कर देता है। यह सारी वारदात दफ्तर में लगे सीसीटीवी में कैद हो जाती है। पंकज कश्यप ने बताया की वह लोहे की ट्रेडिंग का काम करते हैं। उनका छोटा भाई पवन जो यूपी पुलिस में कांस्टेबल है उसने भी पंकज के जरिए यह काम किया। पंकज के मुताबिक उसने बैंक से लोन लेकर एक करोड रुपए व्यापार में लगाए। पंकज के मुताबिक एक साल में ढाई करोड रुपए का व्यापार हुआ। लेकिन पवन ने उसके पैसे देने से इनकार कर दिया। जिसका मामला सूरजपुर कोर्ट में भी चल रहा है। इसी से नाराज होकर पवन ने उसकी पिटाई की है।

## स्क्रैप व्यापारी के घर पर फायरिंग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र के नाईपूरा मोहल्ले में रहने वाले स्क्रैप व्यापारी के घर के बाहर फायरिंग हो गई। फायरिंग की घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि दो बदमाश बाइक पर आते हैं और फायरिंग करके फरार हो जाते हैं। व्यापारी फिलहाल किसी भी तरह की रंजिश से इनकार कर रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र में जगपाल सिंह जो स्क्रैप व्यापारी का काम करते हैं नाईपूरा मोहल्ले में रहते हैं। जगपाल सिंह के मुताबिक रात करीब 12:50 पर एक बाइक पर दो अज्ञात व्यक्ति आये। आगे बैठे व्यक्ति ने हथियार से उनके घर पर फायरिंग कर दी। फायरिंग करके बाइक सवार फरार हो गए। यह बाइक सवार कौन थे और उन्होंने फायरिंग क्यों की इसके बारे में जगपाल सिंह कहते हैं कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है ना उन्हें इस बारे में कोई जानकारी है। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा के मुताबिक पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। पुलिस की कई टीम खुलासे में लगा दी गई है। सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं साथ ही सर्विलांस के जरिए भी बदमाशों का पता लगाया जा रहा है।

## गाजियाबाद में फ्लाईओवर पर कार में लगी आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना लोनी के बंथला फ्लाईओवर पर देर रात कार में आग लग गई। आग किन कारणों से लगी इसका पता नहीं चल पाया है। लेकिन चंद सेकंड में ही आग ने अपना विकराल रूप ले लिया। सूचना पर पहुंची दमकल कर्मी की टीम ने आग पर काबू पाया। आग से कार जल कर खाक हो चुकी थी। गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया की गाजियाबाद के फायर स्टेशन लोनी को सूचना मिली थी कि थाना लोनी के बंथला फ्लाईओवर पर कार में आग लग गई है। इसकी सूचना पर फायर स्टेशन लोनी से एक फायर टैंकर दमकल कर्मियों के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुआ। घटनास्थल पर जाकर देखा तो पाया कि आग कार में काफी तेज लपटों के साथ जल रही थी। दमकल कर्मियों ने हौज पाइप लाइन फैलाकर आग पर काबू पाना की कोशिश की। जिस कार में आग लगी वह सीएनजी फिटेड सेंट्रो थी। गाड़ी के मालिक का नाम दिनेश कुमार है जो सुरक्षित है।

## गाजियाबाद में बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत

मोदीनगर। गाजियाबाद में मस्जिद में नमाज पढ़ रहे बुजुर्ग को अचानक हार्ट अटैक हो गया। जिससे उसकी मौत हो गई। बुजुर्ग वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मामला मोदीनगर की आदर्श कालोनी स्थित छप्पर वाली मस्जिद का है। नगर के आदर्श नगर कॉलोनी निवासी 70 साल के हाजी हनीफ बुधवार शाम कॉलोनी की ही छप्पर वाली मस्जिद में नवाज अदा करने के लिए गए थे। वह मस्जिद में अकेले बैठकर ही नमाज अदा करने से पहले दुआ मांग रहे थे। इसी बीच में दुआ पढ़ते समय अचानक पीछे की तरफ गिर गए। हाजी हनीफ को गिरता देख मस्जिद में मौजूद लोग तुरंत उठाकर स्थानीय अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह पूरी घटना मस्जिद परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। परिजनों का कहना है कि हार्ट फेल होने के चलते मौत हुई है।

## मकान मालिक ने कमरे में लगा दी आग, महिला और दो बच्चे झुलसे

नोएडा। सेक्टर-93 स्थित गेझा गांव में मकान मालिक ने किरायेदार के परिवार को जिंदा जलाने का प्रयास किया। आरोप है कि मकान मालिक ने छत पर किरायेदार को शराब पिलाने के बाद नीचे बने कमरे में आग लगा दी। उस वक्त किरायेदार की पत्नी दो बच्चों के साथ सो रही थी। आग से महिला झुलस गई जबकि दोनों बच्चों के फेफड़ों में धुआं भर गया। तीनों दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती हैं। कोतवाली फेज-2 पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी मेद सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। मूलरूप से कानपुर निवासी युवक निजी कंपनी में काम करता है। वह पत्नी व दो बच्चों के साथ गेझा गांव में किराये पर रहता है। आरोप है कि 26 अप्रैल को युवक की पत्नी और दोनों बच्चे कमरे में सो रहे थे तभी मकान मालिक मेद सिंह आया। पति को शराब पिलाने के बाद उसने उसने गंदी नियत से महिला से दरवाजा खोलने के लिए कहा। महिला के दरवाजा नहीं खोलने पर मकान मालिक ने ज्वलनशील पदार्थ कमरे में फेंककर आग लगा दी। इसमें महिला और उनके दोनों बच्चे झुलस गए।

## यमुना प्राधिकरण ने अलीगढ़ प्रशासन को अधिग्रहण के लिए भेजा रिमाइंडर

ग्रेटर नोएडा। टप्पल-बाजना में लॉजिस्टिक पार्क और मल्टीमॉडल हब के लिए यमुना प्राधिकरण ने अलीगढ़ प्रशासन को 1700 एकड़ जमीन के अधिग्रहण के प्रस्ताव को लेकर रिमांडर भेजा है। इसमें पहले भेजे गए 364 एकड़ को लेकर भी जानकारी मांगी है। चूंकि इन दोनों योजनाओं पर आचार संहिता के बाद काम शुरू करना है, इसलिए प्राधिकरण ने एक बार फिर पत्राचार करना शुरू कर दिया है। दरअसल, यमुना प्राधिकरण ने टप्पल के स्यौरोल व आसपास के गांव में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क एवं वेयरहाउसिंग (स्टोरेज के लिए), कंटेनर यार्ड और रेल जोन बनाए जाएंगे। इसके अलावा इन परियोजनाओं के लिए करीब दो हजार एकड़ जमीन की जरूरत होगी। करीब 6 माह पहले प्राधिकरण ने अलीगढ़ प्रशासन से 364 एकड़ जमीन का अधिग्रहण करने के लिए प्रस्ताव भेजा था। जबकि दो माह पहले ही प्राधिकरण ने करीब 1700 एकड़ भूमि के अधिग्रहण के लिए प्रस्ताव भेजा था। अब दोनों परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी करने के लिए पत्राचार शुरू कर दिया है।

## अभिभावक बन चिकित्सक ने युवती से किया दुष्कर्म

गाजियाबाद/मसूरी। मसूरी क्षेत्र के एक फार्म हाउस में सिहानी गेट क्षेत्र की रहने वाली युवती का अभिभावक बनकर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप एक चिकित्सक पर है। आरोप है कि चिकित्सक ने युवती की बहन के माध्यम से उसे अपने फार्म हाउस पर बुलाया और जहां बहन उसे छोड़कर चली गई। इसी दौरान चिकित्सक ने दो घंटे तक बंधक बनाकर उसके साथ तीन बार दुष्कर्म किया। घटना अप्रैल 2023 की मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस आयुक्त से शिकायत करने पर एक साल बाद मामले में डॉ. प्रमोद कुमार बंसल के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। युवती का कहना है कि उनके माता-पिता नहीं हैं। वह पांच भाई-बहन हैं। उनकी एक बहन 2018 में डॉक्टर प्रमोद बंसल के यहां काम करती थी। उस दौरान बहन ने बताया कि डॉ. प्रमोद उन सभी का पिता की तरह ध्यान रखेंगे और घर का खर्च भी उठाएंगे। ऐसे में उनके घर आना जाना हो गया। 12 अप्रैल 2023 को उनकी बहन उसे प्रमोद के फार्म हाउस पर ले गई। जहां प्रमोद पहले से मौजूद थे और शराब पी रहे थे। जहां से बहन उन्हें किसी मरीज की दवा लाने की बात कहकर छोड़कर कर चली गई। ऐसे में वह कमरे में बैठकर गाने सुनने लगीं।

# यूपी में गर्मी ने 18 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

## पहाड़ों पर बर्फबारी से 4 डिग्री पारा गिरा; 4-5 मई को बारिश के आसार; वाराणसी सबसे गर्म

**कानपुर।** यूपी में गर्मी ने अप्रैल महीने में 18 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 2006 में पारा 44.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। इस बार 44.6 डिग्री तक पहुंच गया।

पहाड़ों में बर्फबारी और उत्तर पश्चिमी हवाओं ने भीषण गर्मी से थोड़ी राहत दी है।

अधिकतम तापमान 4 डिग्री तक नीचे गिर गया है। प्रदेश में अधिकतम तापमान 39 और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

बुधवार को वाराणसी सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 41.2एष्ट डिग्री रिकॉर्ड हुआ। 41.1 डिग्री के साथ प्रयागराज दूसरे और 41 डिग्री के साथ अयोध्या तीसरे नंबर पर है।



### मई और जून में 47 डिग्री तक जाएगा पारा

मौसम विभाग ने बताया कि 25 मई से नौतपा शुरू होगा, जो 2 जून तक चलेगा। इन 9 दिनों में भीषण गर्मी पड़ेगी। पारा 47 डिग्री तक जा सकता है। तेज हवा के साथ बवंडर और बारिश भी हो सकती है। दिन के साथ रातें भी ज्यादा गर्म होंगी। मई और जून में भीषण गर्मी पड़ेगी। इस बार 80 सालों की गर्मी का रिकॉर्ड टूट सकता है।

### नौतपा यानी गर्मी के भीषण 9 दिन

नौतपा के 9 दिनों की अवधि में सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी काफी कम हो जाती है। इस कारण सूर्य की तपिश ज्यादा महसूस होती है। सूर्य 25 मई 2024 को दोपहर 3: 15 मिनट पर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। इसके बाद 9 दिन का नौतपा शुरू होगा।

इसके साथ ही सूर्य 8 जून 2024 को 1: 04 मिनट तक रोहिणी नक्षत्र में रहेंगे।

फिर सूर्य मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश कर जाएंगे। 15 जून को मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे। इससे चांद की शीतलता कम हो जाती है, यानी रातें भी गर्म होने लगेंगी।

मौसम विभाग के मुताबिक, नौतपा जितने गर्म होते हैं, उनसे आगे अच्छी बारिश के आसार भी बढ़ जाते हैं। नौतपा में तेज हवा के साथ बवंडर और बारिश की संभावना रहती है।

# गैंगस्टर मुख्तार बाबा की 19 करोड़ की संपत्ति सीज

## कानपुर हिंसा का मास्टर-माइंड है, अन्य आरोपियों पर भी पुलिस का एक्शन

एजेंसी

**कानपुर।** कानपुर हिंसा के आरोपी गैंगस्टर मुख्तार बाबा की 19 करोड़ की संपत्ति कानपुर पुलिस ने सीज कर दिया है।

गुरुवार को उन्नाव में यह कार्रवाई की गई। अब तक मुख्तार बाबा और उसके अन्य सहयोगियों की करीब 50 करोड़ की संपत्ति पुलिस सीज कर चुकी है।

### कानपुर हिंसा का केस जिसमें पुलिस कार्रवाई कर रही है

डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि कानपुर नई सड़क में 3 जून 2022 को हिंसा हुई थी।

मामले में बेकनगंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। जांच के दौरान सामने आया था कि बाबा बिरयानी का मालिक मुख्तार बाबा ही हिंसा का मास्टर माइंड है।

इसके साथ ही हिंसा के आरोपियों को फंडिंग भी की थी। इन सभी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की भी कार्रवाई की गई थी।

गैंगस्टर में मुख्तार के साथ ही बिल्डर हाजी वसी, अकील खिचड़ी और शफीक उर्फ भतीजा को आरोपी बनाया गया था।

डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि हिंसा के आरोपियों के खिलाफ बेकनगंज में गैंगस्टर की एफआईआर दर्ज की गई थी, मामले की जांच बजरिया थाना प्रभारी कर रहे हैं।

# शार्ट न्यूज

## प्रतिबंधित लकड़ी के साथ दो गिरफ्तार



ललितपुर । तालबेहट, पुलिस ने प्रतिबंधित लकड़ी के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी तालबेहट कुलदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर तरगुंवा तिराहा से एक ट्रक सं0 क्क94 ञ्ज 0195 जिसमें नीम तथा अन्य प्रतिबन्धित लकड़ी भरी थी, बरामद किया गया तथा दो अभियुक्तगण रामनरेश पुत्र रामदास विश्वकर्मा उम्र 40 वर्ष नि0 ग्राम कठवर थाना बार सूरज पुत्र भगुन्ते कुशवाहा उम्र 30 वर्ष नि. ग्राम कचनौदा थाना बानपुर को पुलिस हिरासत में लिया गया । बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना तालबेहट में मु0अ0सं0 140/24 धारा 3/28 उ0प्र0 इमारती लकडी और वन उपज अधिनियम एवं भारतीय वन अधिनियम 1978 की धारा 26 व 207 एम0वी0एक्ट0 में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

## अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध जिलाधिकारी की मुहिम




ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के द्वारा प्रात:कालीन भ्रमण के दौरान जनसंवाद कर आमजन की समस्याओं का निस्तारण कराया जा रहा है, साथ ही नगर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर सड़कों व सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। उक्त के क्रम में 01 मई 2024 को जिलाधिकारी ने प्रात:कालीन भ्रमण के दौरान जल संस्थान में वाउन्ड्रीवाल के पास अवैध रुप से रखे ईंट, मोरंग, बालू आदि को तत्काल हटाये जाने व स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया सिटी ब्रान्च के सामने लावारिस वाहन जो काफी दिनों से अतिक्रमण के रुप में रखा हुआ था, को तत्काल प्रभाव से हटाये जाने के निर्देश दिये गए थे, उक्त निर्देशों के क्रम में आज 02 मई 2024 को जल संस्थान से अवैध ईंट, मोरंग व बालू एवं एसबीआई सिटी ब्रान्च के सामने से लावारिस वाहन को हटा दिया गया है, जिससे आवागम सुचारु है। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा, जनपदवासी जिला प्रशासन की मुहिम में सहयोग करें, अपने वाहन पार्किंग में ही खड़ा करें, ताकि आवागमन सुगम रहे।

## युवा मतदाता मतदान के लिए लोगों को कर रहा जागरूक

विशाल इंडिया/ब्यूरो



सीतापुर। आसन्न लोकसभा चुनाव में कम मतदान प्रतिशत को लेकर चिंतित प्रशासन सहित समाज के लोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तरह-तरह के जागरूकता फैलाने का काम कर रहे हैं इस काम में युवा मतदाता भी किसी से पीछे नजर नहीं आ रहा है। जानकारी के अनुसार जिले की तहसील लहरपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत भदफर निवासी युवा मतदाता अजय पाण्डेय मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपनी अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान करना बहुत आवश्यक है हम शत प्रतिशत यदि मतदान करेंगे तो लोकतंत्र उतना ही अधिक मजबूत होगा ।जिन युवाओं को पहली बार मतदान का अवसर मिल रहा है वह मतदान के लिए काफी उत्साहित है ।जितना मतदान प्रतिशत बढ़ेगा उतना अच्छा जनप्रतिनिधि चुनकर आएगा। अजय पाण्डे युवा मतदाता ने कहा कि लोगों में मतदान के लिए उत्सुकता होनी चाहिए मतदान के दिन सबसे पहले बूथ पर जाकर वोट डालने के बाद ही कोई दूसरा काम करना चाहिए इसके लिए सभी को प्रेरित करने का काम कर रहा हूं जिससे जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ सके।

## बाल विवाह कानूनी अपराध होने के साथ-साथ है सामाजिक अपराध

विशाल इंडिया/ब्यूरो



सीतापुर। जिला प्रोबोशन अधिकारी ने सभी को अवगत कराया है कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 9 के अनुसार अठारह वर्ष से कम आयु की बालिका व इक्किस वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह कराना या उसमें शामिल होना एक दण्डनीय अपराध है। उन्होंने बताया इसके अन्तर्गत दो साल की जेल या एक लाख रूपये का जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। प्राय: यह संज्ञान में आता है कि अक्षय तृतीया की तिथि पर बड़ी संख्या में बाल विवाह का आयोजन किया जाता है। उन्होंने जनसामान्य से अपेक्षा की, कि जनपद सीतापुर में बाल विवाह जैसी कुप्रथा की रोकथाम में प्रशासन का सहयोग करें व किसी भी बाल विवाह के सम्बन्ध में चाइल्ड हेल्पलाईन के टोल फ्री नं0 1098,संतोष राजवंशी प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर चाइल्ड हेल्पलाईन सीतापुर के मो0नं0 9473736764 अवनीश मिश्र संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण ईकाई सीतापुर के मो0नं0 7607998612 व जिला प्रोबेशन अधिकारी सीतापुर के मो0नं0 7518024021 पर जानकारी प्रदान की जा सकती है ।शिकायतकर्ता की जानकारी गोपनीय रखी जायेगी।

## फंदे से लटका मिला किसान का शव

अलीगढ़। अलीगढ़ के खैर थाना क्षेत्र के गांव बांकनेर में गुरुवार को एक किसान का शव उसके ट्यूबवेल के पास फंदे से लटका मिला। ग्रामीणों ने जब किसान को फांसी से लटका देखा तो उन्होंने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं दूसरी ओर किसान के परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक की पत्नी ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी के ससुरालियों ने उनके पति की हत्या की है और उनका शव लटका दिया। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। खैर के गांव बांकनेर निवासी महेंद्र सिंह का शव गुरुवार को ट्यूबवेल पर लटका मिला है। उनकी पत्नी मंजू देवी ने अपनी बेटी के ससुरालियों पर अपने पति की हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी आरती की शादी टप्पल के गांव ऊंटासनी में एक साल पहले हुई थी। शादी के बाद ससुराल के लोग दहेज की मांग करते थे और मारपीट करते थे।

## 7 लोगों ने युवक को पीटकर मार डाला

सिकन्दरपुर, बलिया। बलिया के खेजुरी थाना इलाके में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। गांव के ही 7 लोगों ने उसे फोन कर बुलाया और लाठी, डंडे, रॉड से पीटकर मार डाला। युवक सड़क पर करीब 5 मिनट तक तड़पता रहा, उसकी जान निकल गई। मौत के बाद इलाके के लोगों ने खेजुरी थाने का घेराव किया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मृतक के बड़े भाई नितेश सिंह ने बताया कि गांव के रहने वाले मनोहर सिंह ने बृजेश को फोनकर करीब 11 बजे खेजुरी बाजार बुलाया। वो बृजेश खेजुरी चला गया। आरोपी मनोहर के साथ हरेकृष्ण, विपिन, मोनू समेत सात लोग वहां पहले से मौजूद थे। उन्होंने सड़क पर लाठी डंडे और रॉड से मेरे भाई पर हमला कर मार डाला। मुझे बताया गया कि करीब 5 मिनट तक वो सड़क पर तड़पता रहा फिर उसकी मौत हो गई। दिन में करीब 1.30 बजे मुझे खेजुरी से फोन आया और बताया गया के मेरा भाई सड़क पर बेसुध पड़ा है।

# प्रेमी जोड़े ने एक साथ की आत्महत्या

**परिजन शादी के खिलाफ थे, रात में इंस्टाग्राम पोस्ट किया सुबह फंदे से लटकती मिली लाश**

मधुबन, मऊ। मऊ में एक प्रेमी जोड़े ने एक साथ आत्महत्या कर ली। दोनों एक दूसरे से प्यार करते थे और शादी करना चाहते थे।

जिस पर परिवार के लोग राजी नहीं थे। इससे नाराज होकर दोनों ने आत्महत्या कर ली। दोनों का शव गांव के बगीचे में लटकता मिला।

सुबह शव देखते ही ग्रामीणों ने सूचना परिजन को दी। मौके पर पहुंचे परिजन ने पुलिस को बुलाया। पुलिस ने शव को उतार पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। लड़के के घर वालों ने लड़की के घर वालों पर बेटे की हत्या का आरोप लगाया है।

वहीं पुलिस प्रेम प्रसंग का मामला बता रही है। हत्या और ऑनर किलिंग दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है। मृतकों की पहचान रुपेश (19) और सुप्रिया (15) के रूप में हुई है। मामला मधुबन थाना क्षेत्र के लखनौर गांव का है। मरने से पहले दोनों ने इंस्टाग्राम पोस्ट किया था।

गांव के लोगों ने बताया कि दोनों के बीच काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था और शादी करना चाहते थे। मगर दोनों के घर वाले इसके खिलाफ थे।



दोनों जिद पर अड़े रहे और आखिर में दोनों ने एक साथ फांसी लगा ली।

### मौत से पहले शेयर किया इंस्टाग्राम पर दो वीडियो

फांसी लगाने के पहले रुपेश ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो वीडियो पोस्ट किया ता। दोनों वीडियो 12 घंटे पहले पोस्ट किए गए हैं।

इसमें एक वीडियो में जहां रुपेश और उसकी प्रेमिका एक साथ दिखाई दे रहे हैं। वहीं दूसरे वीडियो में सिम और मेमोरी कार्ड तोड़ते हुए का वीडियो पोस्ट किया गया है।

## नाबालिग से रेप

फतेहपुर। फतेहपुर में एक युवक नाबालिग लड़की को खेत जाते समय जबरन रास्ते से खींचकर ले गया। खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया और विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया ।पिता के तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। गाजीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत जाते समय 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को गांव का युवक रास्ते में रोककर खींचकर ले गया और दुष्कर्म किया। किशोरी के विरोध करने पर युवक ने किशोरी के साथ मारपीट की और रेप करने के बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। घर पहुंची किशोरी ने पूरी घटना परिवार के लोगों को बतायी। किशोरी के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर दी। पीड़िता ने बताया कि युवक ने रेप के दौरान विरोध करने पर मारपीट की। विरोध किया तो मुंह दबाकर दुष्कर्म करने के बाद किसी को बताकर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया था। किसी तह घर जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि एक नाबालिग लड़की के साथ एक युवक ने रेप किया।

# जौनपुर में सगे भाइयों की पीटकर हत्या

## तीन की हालत गंभीर, जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट

जौनपुर, मडियाहूँ। जौनपुर में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हैं। जिनका इलाज चल रहा है। मरने वाले में दोनों एक ही परिवार के थे।

बता दें कि दोनों पक्षों के बीच आज सुबह पट्टे की जमीन पर छप्पर रखने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। मृतकों की पहचान दशरथ यादव (60) तथा उनके छोटे भाई सुभाष यादव (40) के रूप में हुई है। मामला बरसठी थाना क्षेत्र के पलटूपुर गांव का है।

### पट्टे की जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

ग्रामीणों विजय ने बताया कि पलटूपुर गांव में दशरथ यादव उर्फ मुन्ना यादव और शेषनाथ यादव के बीच पट्टे की जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। गुरुवार की सुबह दशरथ यादव अपने पट्टे की जमीन पर झोपड़ी बना रहे थे। शेषनाथ यादव ने अपनी जमीन होने की बात कह कर रोकना शुरू कर दिया।




जिसके बाद देखते ही देखते लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में दशरथ यादव उर्फ मुन्ना यादव उनका भाई सुभाष यादव , भरत लाल यादव, पारसनाथ यादव एवं सुनील यादव पुत्र दशरथ यादव, अमित यादव पुत्र भरत लाल यादव घायल हो गए।

सभी घायलों को उठाकर दो घंटे के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरसठी इलाज के लिए ले जाया गया जहां पर सुभाष यादव, सुनील यादव एवं दशरथ यादव उर्फ मुन्ना यादव को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जहां पर इलाज के दौरान सुभाष यादव और उनके भाई दशरथ यादव की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची बरसठी पुलिस मामले की जानकारी करने में जुटी हुई है। मृतक दशरथ यादव उर्फ मुन्ना यादव मड़ियाहू तहसील में नायब तहसीलदार का मुंशी था।

एसडीएम कुनाल गौरव ने बताया कि 2018 में दशरथ यादव को पट् ?टे के रूप में जमीन मिली थी। जिस पर वो कब्जा के लिए छप्पर बनाने गए थे। 20 अप्रैल को जमीन की मापी भी हुई थी। उसी जमीन पर दशरथ के पड़ोसी भी दावा कर रहे हैं। उसी को लेकर मारपीट हुई है।

### जल्द की जाएगी गिरफ्तारी

एसपी देहात शैलेंद्र कुमार ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे।

जहां मारपीट में दो लोगों की मौत हो चुकी है, मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है, जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# भाजपा की जुमलेबाजी इस बार काम नहीं आने वाली, विदाई तय : मायावती

मैनपुरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जुमलेबाज पार्टी करार देते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में जुमलेबाजी काम नहीं आयेगी।

क्रिश्चियन कॉलेज के खेल मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये सुश्री मायावती ने कहा कि भाजपा केंद्र में वापस नहीं आयेगी। भाजपा ईवीएम में गड़बड़ी करती है और जुमलेबाजी पार्टी है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जुमलेबाजी काम नहीं आयेगी।

उन्होंने भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण ही कांग्रेस के हाथों से सत्ता गयी ।केंद्र और राज्य कांग्रेस के हाथ से निकलते चले गए।



मायावती ने कहा कि बसपा पार्टी करके दिखाने में विश्वास रखती है और अन्य पार्टियां घोषणा पत्र जारी कर जनता को गुमराह करने का काम करती हैं। उन्होने दावा किया कि समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी मैनपुरी में दूसरे या तीसरे नम्बर पर आ सकता है। बसपा के प्रत्याशी किसी को हराने या जिताने के लिए नहीं लड़ रहे,बल्कि जीतने के लिए लड़ रहे हैं। मैनपुरी, एटा और फिरोजाबाद से बसपा प्रत्याशी जीत रहे हैं।

बसपा अध्यक्ष ने मैनपुरी की जनता से बसपा प्रत्याशी शिवप्रसाद यादव को भारी बहुमत से जिताने की अपील की और कहा कि मैनपुरी में आज की रैली में उमड़ी भीड़ ने साबित कर दिया है कि जनता बसपा के साथ है और बसपा ही मैनपुरी सीट से विजयी होगी।

## उन्नाव में किशोरी ने किया सुसाइड

उन्नाव। उन्नाव की सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के दरौली गांव की रहने वाली किशोरी का शव घर के कमरे में रस्सी के फंदे पर लटका मिला। खेत से लौटे परिजनों ने फंदे से शव को नीचे उतारा और सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दरौली गांव के रहने वाले गंगाराम की 14 साल की बेटी शीतल परिजनों के साथ खेत में गेहूं काटने गई थी। यहां परिजनों ने किसी बात को लेकर उसे डांट दिया। इसके बाद पेट में दर्द होने की बात कहकर खेत से घर आ गई थी। सभी परिजन खेत पर काम कर रहे थे। खेत से जब घर पहुंचे तो शीतल का घर के कमरे में रस्सी के फंदे पर शव लटका मिला।

# बस स्टैंड प्रभारी के अपहरण में 3 गिरफ्तार

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद में एक निजी बस, रोडवेज बस स्टैंड के सामने दिल्ली के लिए सवारियां भर रही थी। बस स्टैंड प्रभारी ने विरोध किया तो मामले में बस पर सवार चालक सहित अन्य लोगों ने बस स्टैंड प्रभारी को खींचकर अंदर कर लिया और बस लेकर भाग गए थे। उनके साथ मारपीट की गई थी। उन्होंने बस मालिक सहित अन्य पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में पुलिस ने बस मालिक समेत तीन को गिरफ्तार कर लिया है। बीते दिनों एक निजी बस रोडवेज बस अड्डा के सामने आकर खड़ी हो गई थी और दिल्ली के लिए यात्रियों को बिठा रही थी। बस अड्डा के प्रभारी जितेंद्र सिंह उसका वीडियो बनाने लगे थे। इस पर बस में सवार चालक सहित अन्य लोगों ने उन्हें खींचकर बस में डाल लिया था और बस लेकर भाग गए थे। मामले में अपहरण करने लूट, सरकारी कार्य में बाधा सहित एससी-एसटी का मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस ने टीम बनाकर आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही थी।

पुलिस ने मसनी चौराहे के पास से बस मालिक शहर के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी विपिन दीक्षित मोहल्ला श्याम नगर निवासी बस चालक अमित कुमार शुक्ला और हेल्पर हरदोई के थाना पाली के गांव निवासी जितेंद्र अग्निहोत्री को गिरफ्तार कर लिया है।

# आग के भयंकर मंजर ने तबाह किया अजीज सिद्दीकी का आशियाना

## प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं अजीज सिद्दीकी



महेश सिंह ब्यूरो लखनऊ

लखनऊ। बढ़ती तपन व सुलगती सूरज की किरणों ने गर्मियों का रिकार्ड ही तोड़ रखा है ।इसी जबरदस्त गर्मियों में हर जगह आग का भयंकर सिलसिला भी देखने को मिल रहा है। कहीं किसान की खेती पर एक चिंगारी से उनकी साल भर की मेहनत तबाह होती दिख रही तो कहीं बिधुतीय उपकरण के शॉर्ट सर्किट द्वारा किसी की मेहनत के आशियाने उजड़ जा रहे है। बताते चले प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट के अजीज सिद्दीकी जो की 34 बी दारुल शफा हजरतगंज में रहते हैं बृहस्पतिवार सुबह इनके घर शार्ट सर्किट की वजह से पूरी गृहस्ती जलकर राख हो गई। आग का सुलगता रूप धीरे धीरे कुछ छोड़ा ही नही जैसे घर में रखे कंप्यूटर, एसी, कपड़े, और कुछ पर्सनल कागजात भी जल कर राख हो गए जिससे उन्हें काफी परेशानी भी झेलनी पड़ जाएंगी क्योंकि उन कागजातों में कितने कीमती कागजात हो सकते है। फिलहाल आग के मंजर ने आशियाने को पूरी तरह तबाह कर दिया। जब घटना की जानकारी प्रशासनिक को हुई तो आनन फानन में अग्निशमन के आलाधिकारी पहुंच कर आग बुझाने में सफल रहे लेकिन आग पूरी गृहस्ती को अपने चपेट में लेकर सब कुछ उजाड़ दिया था।

# कमिश्नर और डीआईजी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

## मतदान के दौरान गड़बड़ी की तो खैर नहीं: कमिश्नर

ललितपुर। झांसी, मण्डलायुक्त झाँसी व पुलिस उपमहानिरीक्षक झॉसी द्वारा जनपद ललितपुर के वल्नरेबल व क्रिटिकल मतदान केन्द्रों/बूथों का भ्रमण, CAPF ठहरने के स्थान व अमरपुर मंडी स्थित स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल का भ्रमण कर सुरक्षा मानकों का लिया जायजा।



आदर्श आचार संहिता व पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शतप्रतिशत करायें अनुपालन मतदाताओं को प्रलोभन देने, डराने धमकाने या मतदान प्रभावित करने की सूचना पर कठोर दण्डात्मक कार्यवाही के निर्देश। पीए सिस्टम दुरूस्त रखने व ड्रोन कैमरों से क्षेत्र में तथा सोशल मीडिया पर भी रखें नजर। CAPF रूकने के स्थानों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश ।लोकसभा निर्वाचन 2024 में निडर/निर्भीक होकर शत प्रतिशत मतदान की अपील। मण्डलायुक्त झाँसी विमल कुमार दुबे व पुलिस उपमहानिरीक्षक झॉसी परिक्षेत्र झॉसी कलानिधि नैथानी द्वारा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी , पुलिस अधीक्षक मो0 मुस्ताक व अन्य प्रसाशनिक अधिकारियों के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत दिनांक 20 मई 2024 को झाँसी रेन्ज में होने वाले मतदान हेतु जनपद ललितपुर के क्रिटिकल व वल्नेरबल मतदान केन्द्रों/बूथों व CAPF के ठहरने के स्थानों का भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये, उसके उपरान्त अमरपुर मंडी स्थिति स्ट्रॉग रूम/मतगणना स्थल तथा मतदान हेतु पोलिंग पार्टियों व पुलिस बल के रवाना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## पति ने दोस्तों के साथ किया पत्नी का गैंगरेप

महोबा। महोबा में पति ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर पत्नी के साथ गैंगरेप किया। वारदात के बाद से महिला डरी हुई है। पुलिस से आरोपी पति और उसके दोनों दोस्त के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रही है। मामला जनपद के शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। यहां की रहने वाली पीड़िता पूरे मामले की शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। विवाहिता ने जिस व्यक्ति के साथ विवाह किया, उसने ही उसके साथ बड़ा विश्वासघात किया है। पति के इस धोखे से महिला न केवल हैरत में है बल्कि उसे गहरा सदमा लगा है। पीड़िता बताती है बीते रोज उसका पति अपने दो मित्रों के साथ जब घर पहुंचा तो आरोप है कि पति उसके लिए चाऊमीन लेकर पहुंचा। पीड़िता ने रात का भोजन पति और उसके मित्रों के लिए बनाया और चाऊमीन खाकर अपने गृहकार्य में जुट गई।

## जालौन में किशोरी ने किया सुसाइड

जालौन। जालौन में घर पर अकेली एक 15 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी। इसकी जानकारी जैसे ही पुलिस को हुई मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मामले की जांच करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना रेंढर थाना क्षेत्र के ग्राम कुनियापुरा की है। यहां के रहने वाला कुंवर सिंह अपनी लोडर को बुकिंग पर चलता है। वह लोडर लेकर बुकिंग पर गया हुआ था, जबकि उसकी पत्नी हीरा देवी अपने एक बच्चे को लेकर मायके ग्राम सिंगपुरा गई हुई थी और उसके पिता बसंतलाल खेत पर काम कर रहे थे। घर पर उसकी 15 साल की बेटी प्रतिभा अकेली थी, जहां उसने फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी किशोरी के बाबा बसंतलाल को मिली तो वह घर पर पहुंचे, जहां अपनी नातिन प्रतिभा के शव को दुपट्टे से लटका देखा उनके होश उड़ गए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

## दक्षिणी ब्राजील में बारिश का कहर ...10 की मौत 31 लापता



रियो डी जनेरियो । दक्षिणी ब्राजील में बारिश कहर ढहा रही है। दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में इस सप्ताह भारी बारिश के कारण दस लोगों की मौत हुई और 21 लोग लापता हैं। स्थानीय सरकार ने चेतावनी दी है कि स्थिति गंभीर है और यह कुछ दिनों में और भी खराब हो सकती है। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि तूफान से हुए नुकसान के कारण 3,300 से अधिक लोगों अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थान पर गए है। राज्य के गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से बात की थी और हर संभव संघीय सहायता की मांग की थी। गवर्नर के अनुसार, तूफान ने हाल के वर्षों में राज्य में सबसे व्यापक तबाही मचाई है। बाढ़ और भूस्खलन के बीच पुलों के ढहने और सड़कों के नष्ट होने के कारण कई शहर अलग-थलग पड़ गए हैं।

## पाकिस्तान में टैक्स चोरी करने वालों की मोबाइल सिम होगी ब्लॉक, मच सकता है हाहाकार, बैंकिंग सुविधा का लाभ उठाने वाले होंगे परेशान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान सरकार वहां के लोगों की हरकतों से इतनी परेशान हो गई है कि अब उनके खिलाफ एक बड़ा एक्शन लेने जा रही है। जी हां, पाकिस्तान में अधिकारियों ने टैक्स चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने का मन बना लिया है। इसके तहत पांच लाख से अधिक कर टैक्स बकायादारों के मोबाइल फोन सिम कार्ड ब्लॉक करने का फैसला लिया है। फेडरल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू (एफबीआर) ने एक इनकम टैक्स जनरल ऑर्डर (आईटीजीओ) में कहा कि 2023 में टैक्स रिटर्न जमा नहीं करने वाले 506,671 लोगों के मोबाइल सिम ब्लॉक कर दिए जाएंगे। ऐसे करने से पाकिस्तानी टैक्स चोरों में हाहाकार मच सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एफबीआर ने पाकिस्तान दूरसंचार प्राधिकरण (पीटीए) और सभी दूरसंचार प्रदाताओं को ऐसे लोगों के सिम को ब्लॉक करने के लिए 2024 के आयकर सामान्य आदेश (आईटीजीओ) संख्या 01 को तुरंत लागू करने और 15 मई तक रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया गया है। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि एफबीआर ने 2.4 मिलियन (24 लाख) संभावित करदाताओं की पहचान की है, जिन्होंने टैक्स चोरी की है। ऐसे लोगों को नोटिस भी जारी कर दिए गए हैं। एफबीआर ने मानदंड के आधार पर सिम कार्ड ब्लॉक करने के लिए 24 लाख लोगों में से करीब 5 लाख से ज्यादा लोगों का चयन किया है। ये ऐसे लोग हैं, जिन्होंने पिछले तीन सालों में से एक में टैक्सेबल इनकम घोषित की होगी और ऐसे लोगों ने टैक्स साल 2023 के लिए अपना रिटर्न दाखिल नहीं किया है। एफबीआर को 1 मार्च 2024 तक 4.2 मिलियन करदाता प्राप्त हुए, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान 3.8 मिलियन रिटर्न प्राप्त हुए थे। बता दें कि ऐसे लोगों के सिम कार्ड तब तक ब्लॉक रहेंगे, जब तक एफबीआर या अंतर्देशीय राजस्व आयुक्त द्वारा उस व्यक्ति पर अधिकार बहाल नहीं किया जाता। पाकिस्तान में सिम कार्ड ब्लॉक होने से हाहाकार मच जाएगा, क्योंकि इससे लाखों लोग परेशान हो जाएंगे। आज के समय में मोबाइल के बिना रहना आसान नहीं, ऐसे में अगर सिम कार्ड ब्लॉक हो जाता है तो बैंकिंग सुविधा का लाभ उठाने वाले लोग काफी परेशान हो जाएंगे।

## क्या हैं जेनोफोबिक....बाइडेन ने भारत पर क्यों साधा निशाना

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि भारत, चीन, रूस और जापान से जेनोफोबिया ने अमेरिका के आर्थिक विकास को रोक दिया है। बाइडेन ने कहा कि चीन आर्थिक रूप से क्यों इतना मंद है, जापान को क्यों परेशानी हो रही है, रूस को क्यों, भारत को क्यों, क्योंकि वे जेनोफोबिक हैं। वे अप्रवासी नहीं चाहते। अप्रवासी ही हमें मजबूत बनाते हैं। बता दें कि जेनोफोबिया से ग्रसित उन्हें कहा जाता है, जो अजनबियों से डरते या बाहरी अपरिचित व्यक्तियों से नफरत करते हैं। यानी बाइडेन ने भारत को एक ऐसा देश बताया है, जो दूसरे देशों के लोगों से नफरत करता है। 2024 में फिर से सत्ता में आने के लिए फंड रेसिंग प्रोग्राम में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था के बढ़ने का एक कारण आप और कई अन्य लोग हैं। क्यों? क्योंकि हम अप्रवासियों का स्वागत करते हैं। बाइडेन इस साल होने वाले अमेरिकी चुनान में राष्ट्रपति पद की रेस में रिपब्लिकन उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ मैदान में हैं। उन्होंने अक्सर अपने प्रतिद्वंद्वी की आप्रवासी विरोधी बयानबाजी के लिए आलोचना की है। ट्रम्प ने कार्यालय में चुने जाने पर अवैध आप्रवासन पर अंकुश लगाने और कानूनी प्रवासन को प्रतिबंधित करने का वादा किया है। अपने प्रचार अभियान के दौरान उन्होंने देश में हिंसा बढ़ने के लिए आप्रवासियों को जिम्मेदार ठहराया था। इसके विपरीत बाइडेन ने प्रवासियों के मुद्दे पर अधिक मानवीय रुख की वकालत की है। सत्ता में आने के बाद से बाइडेन ने प्रवासियों पर ट्रम्प-युग की कार्रवाई को कम कर दिया है और नई पैरोल नीतियां पेश की हैं, जो कुछ प्रवासियों को मानवीय कारणों से कानूनी रूप से प्रवेश करने की अनुमति देती हैं। हालाँकि, शोध से पता चलता है कि बाइडेन को बेरोजगारी और आप्रवासन को लेकर मतदाताओं की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

## रूस ने अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती रोकने...पेश किया प्रस्ताव

जेनेवा। रूस ने संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पेश किया है जिसमें सभी देशों से बाह्य अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती ''हमेशा के लिए रोकने'' के वास्ते तत्काल कदम उठाने की अपील की है। दिलचस्प बात यह है कि एक सप्ताह पहले कमोबेश इसतरह का प्रस्ताव अमेरिका और जापान ने संयुक्त रूप से पेश किया था लेकिन तब रूस ने वीटो कर दिया था। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने जब अमेरिका-जापान के प्रस्ताव पर वीटो किया था तब उन्होंने सुरक्षा परिषद में कहा था कि यह अंतरिक्ष में सभी प्रकार के हथियारों पर प्रतिबंध लगाने के लिए असरदार नहीं है। रूस ने जिस प्रस्ताव पर वीटो किया था उसमें पूरा ध्यान केवल परमाणु हथियारों सहित सामूहिक विनाश के हथियारों पर केन्द्रित था और उसमें अंतरिक्ष में अन्य हथियारों की तैनाती के संबंध में कोई उल्लेख नहीं था।

## पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के झटके

हांगकांग । पापुआ न्यू गिनी के 101 किमी पूर्वी दक्षिण पूर्वी हिस्से किम्बे में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि 2345 ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.9 मापी गई। भूकंप का केंद्र, 5.83 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 151.01 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 31.3 किमी की गहराई पर निर्धारित था।

## चीन में हाईवे का हिस्सा धंसा, 36 लोगों की मौत कई घायल

बीजिंग। दक्षिणी चीन में भारी बारिश के बाद हाईवे का एक हिस्सा ढह गया जिससे कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और उनमें आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार दक्षिणी चीन के मीझोउ शहर प्रशासन ने बताया कि बुधवार रात दो बजे राजमार्ग का 17.9 मीटर लंबा हिस्सा ढह गया जिससे 23 वाहन एक गड्ढे में गिर गए। कम से कम 36 लोगों मारे गए हैं और 30 घायल हुए हैं। गुआंगदोंग प्रांत के कुछ हिस्सों में पिछले दो हफ्तों में बारिश और बाढ़ आने के साथ ही ओलावृष्टि हुई है। पिछले सप्ताहांत प्रांत की राजधानी गुआंगझोऊ में एक तूफान में पांच लोगों की मौत हुई थी। ऐसा माना जा रहा है कि बारिश के कारण राजमार्ग के नीचे सड़क का एक हिस्सा भी धंस गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्हें तेज आवाज सुनाई दी जिसके बाद उन्होंने वहां एक बड़ा गड्ढा देखा। स्थानीय मीडिया में घटना के वीडियो और तस्वीरें जारी की हैं जिसमें घटनास्थल पर धुआं निकलता और आग लगी दिखाई दे रही है।



जॉर्जिया में एक महिला विरोध प्रदर्शन के दौरान छोड़ी गयी पानी की बौछार को हाथ से रोकने का प्रयास करती हुई। यहां विदेशी एजेंट्स का विराट हो रहा है।

## शांति के प्रयासों में फिर अड़ंगा, किसी की नहीं सुन रहे नेतन्याहू

तेलअवीव। इजराइल और हमास के बीच बीते कई महीनों से युद्ध चल रहा है। तबाही रोकने के लिए कई बार प्रयास किए गए हैं लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकला। गाजा में इजरायली सैनिकों का कत्लेआम रोकने के लिए अमेरिका और चार मुस्लिम देश एकजुट हैं। सऊदी अरब में हाल ही में हुई मीटिंग में इस बात पर जोर दिया गया कि जल्द ही गाजा में संघर्ष विराम किया जाए। इसके लिए अमेरिका इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को मनाने की कोशिश कर रहा है। इस बीच नई डील से पहले ही नेतन्याहू ने अड़ंगा डाल दिया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कसम खाई कि हमास के साथ समझौता हो या न हो, दोनों ही स्थिति में वह राफा में जमीनी हमला शुरू करेंगे। बता दें कि राफा शहर में 12 लाख से ज्यादा गाजावासियों ने शरण ले रखी है। बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायली बंधकों के परिवारों के साथ एक बैठक में कहा कि उनके कार्यालय के अनुसार इज़रायल ने राफा से फिलिस्तीनी नागरिकों को निकालना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, हम पूरी जीत हासिल करने के लिए राफा में प्रवेश करेंगे और समझौते के साथ या उसके बिना वहां हमास बटालियनों को खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा, इजरायल राफा को फिलिस्तीनी क्षेत्र में हमास का आखिरी प्रमुख गढ़ मानता है। राफा गाजा का सबसे दक्षिणी शहर है, जहां करीब 12 लाख फिलिस्तीनियों ने शरण ले रखी है। उन्होंने यह टिप्पणी उस समय की है, जब इजरायल और हमास के बीच संघर्षविराम की बातचीत लगभग सात महीने से चल रही है। इस युद्ध को रोकने के लिए हाल ही में सऊदी अरब ने एक मीटिंग बुलाई थी, जिसमें अमेरिका, मिस्र, कतर, जॉर्डन देशों ने हिस्सा लिया था।

## प्रिय नरेंद्र के दोस्त के पास जिनपिंग, यूरोप में कमजोर होती पकड़ के बीच चीनी राष्ट्रपति मैक्रों से क्या करेंगे मिन्नत?

**ओटावा (एजेंसी)।** भारत का डंका दुनिया में कुछ इस तरह से बज रहा है कि अब चीन को फ्रांस और यूरोप का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। उसे ये भी कहना पड़ रहा कि वो यूरोपीयन यूनियन में उसके लिए पैरवी कर दे। ये अपील चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की यूरोपीय यात्रा से कुछ दिन पहले आई है। ये अपील चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने फ्रांस के राष्ट्रपति के राजनीति सलाहकार इमैनुएल बोने के साथ फोन पर की है। चीन के विदेश मंत्रालय के अनुसार वांग यी ने टेलीफोन पर बातचीत में कहा कि मुझे उम्मीद है कि फ्रांसिसी पक्ष यूरोपीयन यूनियन में चीन के प्रति सकारात्मक नीति जारी रखने के लिए दवाब डालेगा। बीजींग और पेरिस ने स्वतंत्रता और स्वायत्ता को पीछा करते हुए दुनिया के विभाजनों के टकराव का विरोध किया। अंतरराष्ट्रीय समुदाय दोनों देशों से एक साझा आवाज की उम्मीद करता है। ऐसे में समय में जब अंतरराष्ट्रीय स्थिति जटिल और अस्थिर है।कई चुनौतियों के साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उम्मीद है कि चीन और फ्रांस शांति, स्थिरता, मानव जाति के समृद्ध भविष्य संबंधित मुद्दों पर एकमत रुख बनाएंगे।



चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले सप्ताह फ्रांस, सर्बिया और हंगरी का दौरा करेंगे। बीजिंग रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष में एक बड़ी भूमिका चाहता है जिसने वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक सुरक्षा को प्रभावित किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने ब्रीफिंग में कहा कि चीन के राष्ट्रपति और सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख शी की यात्रा पांच साल में उनकी पहली यूरोप यात्रा है और यह दुनिया के शांतिपूर्ण विकास को नई गति प्रदान करेगी। चीन यूक्रेन संघर्ष में तटस्थता का दावा करता है, लेकिन फरवरी 2022 में यूक्रेन पर मॉस्को के हमले से पहले शी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा की कि उनकी सरकारों के बीच कोई सीमा नहीं दोस्ती है।

यूरोप के देशों में चीन का दबदबा पूरी तरह से घटता जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह भारत है। इसकी सबसे बड़ी बात है कि भारत जब किसी भी देश के साथ व्यापार करता है तो उसे अपना दोस्त बना लेता है। फ्रांस और भारत की दोस्ती इसका जीता जागता प्रमाण है। चीन दुनिया के देशों से व्यापार के नाम पर उन्हें चूना लगाना जानता है। उसकी पोल दुनिया के सामने अब खुल चुकी है। लेकिन खुद जिनपिंग फ्रांस जाकर संबंध सुधारने की कोशिश में कुछ भी कर गुजरने को तैयार नजर आ रहे हैं।

## जज की चेतावनी के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने न्यायाधीश को कहा कुटिल

### –कोर्ट के आदेश का उल्लंघन पर नौ हजार डॉलर का जुर्माना लगाया



**वौकेशा (एजेंसी)।** कोर्ट की अवमानना मामले में दोषी ठहराए जाने और 'गैग आदेश' का उल्लंघन करने पर जज ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को विचाराधीन मामले में बयानबाजी करने की मनाही (गैग आदेश) के उल्लंघन का दोषी ठहराते हुए उन पर नौ हजार डॉलर का जुर्माना लगाया। जेल जाने की चेतावनी दिए जाने के एक दिन बाद पूर्व अमेरकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने खिलाफ रिश्वत मामले में सुनवाई कर रहे जज को कुटिल कह दिया है।

2024 के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को, उन दोनों के कथित अवैध संबंधों के बारे में चुप्पी साधने के बदले 130,000 डॉलर की रिश्वत देने का तथा इस राशि के भुगतान को छिपाने के लिए रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है। मामले की सुनवाई कर रहे जज ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को विचाराधीन मामले में बयानबाजी करने की मनाही (गैग आदेश) के उल्लंघन का दोषी ठहराते हुए उन पर नौ हजार डॉलर का जुर्माना लगाया। यह जुर्माना चुप रहने के लिए धन देने के मामले में गवाहों, ज्यूरी और अन्य के संबंध में सार्वजनिक बयान देने से रोकने वाले 'गैग आदेश' का लगातार उल्लंघन करने पर लगाया गया। ट्रंप के सोशल मीडिया और प्रचार वेबसाइट पर पोस्ट के लिए जुर्माना लगाते हुए न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन ने कहा था कि यदि ट्रम्प ने उनके आदेशों का उल्लंघन करना जारी रखा, तो वह जेल जाएंगे। बता दे 'गैग आदेश' न्यायाधीश द्वारा अदालत के समक्ष वकीलों, गवाहों और पक्षों को किसी मामले के तथ्यों पर सार्वजनिक रूप से चर्चा नहीं करने के लिए दिया जाता है। यह आम तौर पर विशेष आपराधिक मामलों में दिया जाता है ताकि प्रतिवादी को निष्पक्ष सुनवाई का आश्वासन दिया जा सके।

वहीं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विस्कॉन्सिन के वौकेशा में एक कार्यक्रम में समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा, कोई अपराध नहीं है। एक कुटिल न्यायाधीश हैं। वह पूरी तरह से विरोधाभासी न्यायाधीश हैं। उन्होंने दावा किया कि यह मामला और उनके खिलाफ अन्य मामले व्हाइट हाउस द्वारा उनके चुनाव अभियान को कमजोर करने के लिए चलाए गए हैं।

## अमेरिका ने रूस के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाए

वाशिंगटन। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा कि अमेरिकी सरकार नए प्रतिबंधों के साथ रूस के हथियार उत्पादन को लक्षित कर रही है। चीन, बेल्जियम और स्लोवाकिया जैसे तीसरे देशों की लगभग 200 कंपनियां और 80 व्यक्ति प्रभावित हैं, जो कथित तौर पर अपने हथियार कार्यक्रम के लिए सामग्री की खरीद में रूस का समर्थन करते हैं। विभाग के अनुसार, प्रतिबंधों का उद्देश्य रूस द्वारा रासायनिक और जैविक (बायोलॉजिकल) हथियारों का उत्पादन करना भी है।

## फिलीपींस में भीषण गर्मी से सूखा बांध... दिखाई दी 300 साल पुरानी बस्ती

**मनीला (एजेंसी)।** फिलीपींस में इनदिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी कितनी खतरनाक हैं, कि यहां बांध भी सूखने लगे हैं। फिलिपींस के एक प्रमुख बांध का पानी सूखने के कारण 300 साल पुरानी बस्ती फिर दिखाई दी हैं। राष्ट्रीय सिंचाई प्रशासन के पर्यवेक्षक इंजीनियर मार्लोन पलाडिन ने कहा कि कई महीनों तक बारिश नहीं हुई है। इस कारण मार्च में नुएवा एसिजा प्रांत में पेंटाबांगन बांध का पानी सूखने लगा। बांध के सूखने के बाद अब एक चर्च, मकबरा और एक कस्बे का हॉल सहित प्रमुख संरचनाएं दिखाई दे रही हैं।

इस कस्बे का नाम पेंटाबंगन है। 1970 के दशक में जब बांध बनाया गया तब यह जलाशय के कारण पानी के नीचे डूब गया। लेकिन इस समय देश के लगभग आधा हिस्से सूखे की चपेट में है। इससे बांध का जल स्तर भी नीचे हो गया। फिलीपींस सरकार की मौसम एजेंसी के आकड़ों के मुताबिक 30 अप्रैल को यह स्तर सामान्य से 50 मीटर कम था। पलाडिन ने आगे कहा, बांध बनने के बाद यह छठी बार है जब यह शहर एकबार फिर दिखने लगा है। लेकिन इस बार यह सबसे लंबे समय तक दिख रहा है।

जब भी पानी जलस्तर नीचे जाता है, तब यह वीरान शहर एक टूरिस्ट स्पॉट बन जाता है। दक्षिण पूर्व एशिया के ज्यादातर हिस्सों की तरह फिलिपींस में भी पिछले कई हफ्तों से भीषण गर्मी का प्रकोप देखा जा रहा है। तापमान यहां 42 डिग्री सेल्सियस पार कर गया है। इस कारण आम जनजीवन अस्त व्यस्त है। स्कूलों को बंद कर दिया गया है। वहीं लोगों को घरों से काम करने की सलाह दी गई है।

फिलीपींस के अलावा बांग्लादेश में भी भीषण गर्मी के कारण स्कूल बंद कर दिए गए हैं। थाईलैंड में जनवरी से अप्रैल तक 30 लोगों की हीटस्ट्रोक के कारण मौत हो चुकी है। थाईलैंड का कहना है 2023 में तापमान 37 डिग्री थी। लेकिन म्यामांर के बॉर्डर इलाकों के करीब यह 45 डिग्री से ऊपर है।

## किताब से खुलासा: कविता सुनाने पर कैंप में डाल देते हैं खून और आवाज के लेते हैं सैंपल

### – चीन के उइगुर मुस्लिमों पर जुल्म की कहानी जो दुनिया तक नहीं पहुंचती

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन में सरकार का मीडिया पर इतना नियंत्रण है कि अंदर की खबर बहुत ही कम दुनिया के सामने आ पाती है। चीन में बिना सरकार की इजाजत के कुछ भी प्रकाशित नहीं होता है। चीन में विदेशी पत्रकारों पर सरकार की नजर रहती है कि वह कहां जा रहे हैं। वहीं चीन उइगुरों के साथ कैसा व्यवहार कर रहा है इसका पता लगाना तो और भी मुश्किल है।

पिछले कुछ सालों में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उइगुरों के मानवाधिकारों के उल्लंघन की बहुत चर्चा हुई। चर्चा में यह बात भी सामने आई कि हान समुदाय बहुल चीन में उइगुरों कैंपों में बंद कर रखा है, जहां उन पर बहुत जुल्म किए जाते हैं। चीन सरकार के इस जुल्म से अनेक मुस्लिम उइगुरों के परिवार टूट गए हैं और जो लो कैंपों में नहीं है, उनकी सख्त निगरानी की जाती है।

उइगुरों पर अत्याचार के बारे में इस समुदाय के लोग बताते हैं, जो किसी तरह से चीन से दूसरे देशों में भागने में कामयाब हो गए हैं। इसके लिए वे सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे हैं। फिर भी चीन में उइगुरों की वास्तविक हालत क्या है और उनके साथ वहां की



सरकार कैसा सलूक करती है, इसे आज भी दुनिया एक हद तक अनजान है। ताहिर हामुत इजगिल की किताब पढ़ने वाले को इससे रुबरु कराती है। ताहिर उन खुशकिस्मत उइगुरों में हैं, जो चीन से अपने परिवार के साथ भागने में कामयाब हो गए थे और उन्होंने अमेरिका में पनाह ली। ताहिर की किताब में लिखा है चीन में उनके दोस्त दुकानदार, किताब बेचने वाले और उइगुर कविताओं के मुरीद थे। अक्सर ये लोग एक दूसरे को अपनी कविताएं सुनाते थे। ताहिर लिखते हैं कि 2016 में ऐसी ही एक बैठक में जब कविताएं सुनाई जा रही थीं, तो वहां पुलिस आ गई।

पुलिस के आने पर उइगुर कवियों ने उनके चीनी पुलिसवालों के शराब मंगाई और उन्हें ऑफर की। इस शराब को मंगाने का मकसद यह संकेत देना था कि वे अच्छे नागरिक हैं। उसके बाद पुलिसवाले उन कवियों का पहचानपत्र अपने साथ ले गए। ताहिर किताब में लिखते हैं कि इस वाकये के कुछ दिनों बाद उस बैठक में शामिल उइगुर कवियों को एक-एक करके उन कैंपों में भेज दिया गया। ये कैंप उइगुरों की सांस्कृतिक पहचान मिटाने के लिए बनाए गए हैं। ताहिर इस किताब में लिखते हैं कि उस रोज बैठक में जो भी लोग शामिल हुए थे, आखिर में सिर्फ ताहिर ही बचे थे जो कैंप में भेजे जाने से पहले परिवार समेत चीन से भाग निकले।

ताहिर बताते हैं कि इन सबसे पहले जब वह युवा थे, तब भी उन्होंने तीन साल जेल और लेबर कैंप में गुजारे थे। उस वक्त उन पर देश से बाहर अवैध दस्तावेज ले जाने का आरोप लगा था। जब वह रिहा हुए तो उन्होंने फिल्म मेकिंग को अपना करियर बनाया। साथ ही साथ वह कविताएं भी लिखते रहे। लेकिन इसके बाद उइगुर किताबों को चीन की सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया। इसी दौरान ताहिर और उनकी पत्नी को एक बार पुलिस थाने बुलाया गया। वहां उनके ब्लड सैंपल लिए गए इसके बाद उन्होंने चीन से अमेरिका भागने की योजना बनाई। 2017 में वह अपने परिवार के साथ वहां जाने में कामयाब रहे।

## संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन का समर्थन करेगा भारत

**जेनेवा (एजेंसी)।** भारत ने उम्मीद जाहिर की है कि संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्य बनने के फिलिस्तीन के प्रयास पर पुनर्विचार हो और विश्व संगठन का सदस्य बनने के उसके प्रयास का समर्थन किया जाएगा। अमेरिका ने पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में फिलिस्तीनी को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता प्रदान करने के प्रस्ताव पर वीटो किया था। फिलिस्तीन राज्य को संयुक्त राष्ट्र में सदस्यता को लेकर 15-राष्ट्र परिषद ने एक मसौदा प्रस्ताव पर मतदान किया। प्रस्ताव के पक्ष में 12 वोट पड़े, वोटिंग के दौरान स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन अनुपस्थित रहे और अमेरिका ने वीटो किया। अपनाया जाने के लिए, मसौदा प्रस्ताव को इसके पक्ष में मतदान करने के लिए कम से कम नौ परिषद सदस्यों की आवश्यकता थी, इसके पांच स्थायी सदस्यों- चीन, फ्रांस, रूस, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका में से किसी ने भी वीटो नहीं किया।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा कि हमने नोट किया है कि संयुक्त राष्ट्र में सदस्यता के लिए फिलिस्तीन के आवेदन को उपरोक्त वीटो के कारण सुरक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया था, मैं यहां शुरुआत में ही कहना चाहूंगी कि भारत की दीर्घकालिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए, हमें उम्मीद है कि समय आने पर इस पर पुनर्विचार किया जाएगा और संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनने के फिलिस्तीन के प्रयास को समर्थन मिलेगा। भारत 1974 में फिलिस्तीन मुक्ति संगठन को फिलिस्तीनी लोगों के एकमात्र और वैध प्रतिनिधि के रूप में मान्यता देने वाला पहला गैर-अरब राज्य था। भारत 1988 में फिलिस्तीन राज्य को मान्यता देने वाले पहले देशों में से एक था और 1996 में, दिल्ली ने इस खोला। गाजा में फिलिस्तीन प्राधिकरण का प्रतिनिधि कार्यालय, बाद में 2003 में रामल्ला में स्थानांतरित कर दिया गया।

वर्तमान में, फ़िलिस्तीन संयुक्त राष्ट्र में एक गैर-सदस्य पर्यवेक्षक राज्य है, यह दर्जा फिलिस्तान को 2012 में महासभा द्वारा दिया गया था। यह दर्जा फ़िलिस्तीन को विश्व निकाय की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देता है, लेकिन वह प्रस्तावों पर मतदान नहीं कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र में एकमात्र अन्य गैर-सदस्य पर्यवेक्षक राज्य होली सी है, जो वेटिकन का प्रतिनिधित्व करता है।



# केकेआर और मुम्बई इंडियंस में मुकाबला आज

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल में शुक्रवार को मुंबई इंडियंस की टीम अपने घरेलू मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का मुकाबला करेगी। इस मैच में केकेआर जीत के साथ ही अपनी लय बरकरार रखने उतरेगी। केकेआर इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है। केकेआर इस मैच में जीत के साथ ही प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी और मजबूत करना चाहेगी। उसने इस सत्र में 9 मैच में से 6 में जीत दर्ज की है और उसके 12 अंक हैं। वहीं मुम्बई ने केवल तीन मैच जीते हैं और छह अंक ही होने के कारण वह प्लेऑफ से बाहर हो गयी है। मुम्बई की टीम अंकतालिका में 9वें स्थान पर है। केकेआर का लक्ष्य इस मैच में बड़ा स्कोर बनान रहेगा क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम की पिच बल्लेबाजी की सहायक रही है। यहां जमकर चौके और छक्के भी लगते हैं। पिच पर अच्छी उछाल के कारण गेंद आसानी से बल्ले पर आती है। ऐसे में 200 रन का स्कोर भी यहां आराम से हासिल किया जा सकता है। इस मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में मुंबई ने 234 रन बनाये थे। ऐसे में इस मैच में बड़े स्कोर देखने को मिलेंगे। मुम्बई की टीम के बल्लेबाज अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। टीम के पास रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, इशान किशन और कप्तान हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ी हैं पर टीम में निरंतरता की कमी है। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह को छोड़कर कोई भी गेंदबाज प्रभावित नहीं कर पाया है। वहीं केकेआर के पास अंगकृष रघुवंशी, फिलिप साल्ट जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। वहीं सुनील नरेन जैसा ऑलराउंडर है। नरेन ने इस सत्र में जबरदस्त बल्लेबाजी ओर गेंदबाजी की है, कप्तान श्रेयस अय्यर हालांकि अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। टीम के पास रिंक सिंह, आंद्रे रसेल जैसे हिटर हैं। पिछले मैच में हर्षित राणा ने काफी अच्छी गेंदबाजी की थी। कुल मिलाकर मैच रोमांचक होने की उम्मीद है।




### टीम

**मुंबई** = हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, टिम डेविड, इशान किशन, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, पीयूष चावला, श्रेयस गोपाल, अंशुल कंबोज, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, रोमारियो शेफर्ड, तिलक वर्मा, जसप्रित बुमरा , गेराल्ड कोएत्जी, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, ल्यूक वुड, क्वेना मफाका।

**केकेआर** = श्रेयस अय्यर (कप्तान), श्रीकर भरत, मनीष पांडे, रहमानुल्लाह गुरबाज, रमनदीप सिंह, नितीश राणा, शेरफेन रदरफोर्ड, रिंकू सिंह, वेंकटेश अय्यर, सुनील नरेन, अनुकूल रॉय, आंद्रे रसेल, वैभव अरोड़ा, दुष्मंथा चमीरा, हर्षित राणा, मुजीब उर रहमान, चेतन सकारिया, मिशेल स्टार्क, सुयश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, साकिब हुसैन, अंगकृष रघुवंशी, फिलिप साल्ट।

## आईपीएल 2024 : तेज गेंदबाज मयंक यादव शेष लीग मैचों से हो सकते हैं बाहर



**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव मंगलवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मैच के दौरान पेट में दर्द के कारण मैदान से बाहर चले गए। अब उनके आईपीएल 2024 के शेष लीग मैचों से बाहर होने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि उनके ठीक होने में पहले की अपेक्षा अधिक समय लगेगा।

सूत्र ने कहा, 'वह बुरी स्थिति में नहीं हैं, लेकिन शेष मैचों में उनकी भागीदारी संदेह में है, भले ही फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट के प्रमुख भाग के लिए उनकी सेवा सुरक्षित करना चाहती है। वह बुधवार को स्कैन के लिए गए और रिपोर्ट अभी भी आनी बाकी है। मेडिकल टीम ने कम से कम तीन सप्ताह के आराम का सुझाव दिया है, तभी वह पूरी तरह से ठीक हो जाएंगे।'

मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने मंगलवार को एमआई के खिलाफ मैच के बाद मयंक की चोट पर अपडेट देते हुए कहा था, 'ऐसा लग रहा है कि उसे उसी जगह पर चोट लगी है, उसका रिहैब बिल्कुल सही रहा है, उसने पिछले कुछ हफ्तों में दर्द रहित गेंदबाजी की है, वह ठीक दिख रहा है। हम अच्छी स्थिति में हैं, स्कैन होगा और हमें कल पता चलेगा।'

सूत्रों ने दावा किया कि मयंक एमआई के खिलाफ मैच के लिए 'फिट नहीं थे', लेकिन तीन सप्ताह में पांच मैच मिस करने के बाद प्लेइंग इलेवन में लौट आए क्योंकि कप्तान केएल राहुल उन्हें चाहते थे।' 21 वर्षीय तेज गेंदबाज मंगलवार को हुए मुकाबले के दौरान शायद ही अपनी लय में दिखे क्योंकि उन्हें अपनी लैंथ से संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने ज्यादातर फुलर गेंदें फेंकी और मोहम्मद नबी का विकेट लेने से पहले 3.1 रन देकर 31 रन दिए।

गौर हो कि इस तेज गेंदबाज ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ अपने पहले मैच में अपनी तेज गति से क्रिकेट जगत का ध्यान आकर्षित किया। दिल्ली के इस तेज गेंदबाज ने लगातार 145 से ऊपर गेंदबाजी की और 155.8 किमी/घंटा की शीर्ष गति के साथ 27 रन देकर 3 विकेट लिए। एलएसजी टूर्नामेंट का अपना आखिरी लीग मैच 17 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेगा।

## प्लेऑफ के लिए दिल्ली , गुजरात और पंजाब की उम्मीदें शीर्ष पांच टीमों के परिणामों पर निर्भर




**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल के इस सत्र में जहां मुम्बई इंडियंस और रायल चैलेंजर्स आरसीबी प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। वहीं तीन टीमों का प्लेऑफ में पहुंचना बचे हुए मैचों में जीत के साथ ही अन्य टीमों के परिणामों पर भी निर्भर करेगा। इसका कारण है कि ये तीन टीमें हैं दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग अब अपने-अपने सारे मैच जीत लें तो भी अधिकतम 16 अंक तक ही पहुंच सकती हैं। इस प्रकार से इन तीनों के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना तो बनी है पर ऐसा तभी होगा जब अंक तालिका की शीर्ष-5 में से कम से कम दो या तीन टीमें अपने ज्यादातर मैच हार जाएं। आईपीएल 2024 के लिए प्लेऑफ का वास्तविक मुकाबला इन पांच शीर्ष टीमों के बीच ही है। राजस्थान रॉयल्स अगर अपने बाकी बचे 5 मैचों में से एक भी जीत ले तो उसके 18 अंक हो जाएंगे। वहीं कोलकाता नाइटराइडर्स और लखनऊ सुपरजायंट्स के 12-12 अंक हो गये हैं। अगर ये दोनों टीमें अपने बाकी बचे 5 में से 3 मैच जीत जाएं तो भी आसानी से प्लेऑफ में पहुंच जाएंगी। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के अभी 9-9 मैचों में से 10-10 अंक हैं। ऐसे में इन दोनों टीमों के बीच ही प्लेऑफ की चौथी टीम के लिए कड़ी टक्कर होगी।

# भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को तीसरे टी20 में हराया, 3-0 से सीरीज में बनाई अजेय बढ़त

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम को तीसरे टी20 मैच में 7 विकेट से रौंद दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना ली है। सिलहट में खेले गए मैच में मेजबान टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 117 रन ही बनाए। जिसके जवाब में भारत ने शेफाली वर्मा (51) और स्मृति मंधाना (47) की पारियों की बदौलत 19वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

बता दें कि, बांग्लादेश के 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शेफाली (51 रन, 38 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक और स्मृति मंधाना (47 रन, 42 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पहले विकेट 91 रन की साझेदारी की। इस साल टी20 महिला विश्व कप बांग्लादेश में ही होना है और इसलिए भारतीय टीम का यह प्रदर्शन काफी अहम है।

वहीं बांग्लादेश की टीम इससे पहले सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर (25 गेंद में 39 रन) और कप्तान निगार सुल्ताना (28) की उम्दा पारियों के बावजूद 20 ओवर में आठ विकेट पर 117 रन ही बना सकी। भारत की ओर से राधा यादव ने 22 रन देकर दो विकेट चटकाए। रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयंका पाटिल को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को शेफाली और स्मृति ने तूफानी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 59 रन जोड़े।




स्मृति ने मारूफा अख्तर जबकि शेफाली ने फारिहा त्रिशना पर चौके से खाता खोला। शेफाली ने शोरिफा खातून का स्वागत तीन चौकों के साथ किया जबकि नाहिदा अख्तर पर भी लगातार तीन चौके मारे। शेफाली ने फाहिमा खातून की गेंद पर एक रन के साथ नौवां अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगले ओवर में रितु मोनी को उन्हीं की गेंद पर कैच दे बैठीं। स्मृति ने राबेया पर पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन नाहिदा की गेंद पर फाहिमा के हाथों लपकी गईं।

## अगले साल भारत में होगी विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप : बीडब्ल्यूएफ

नई दिल्ली। विश्व जूनियर चैंपियनशिप अगले साल 2025 में भारत में होगी। इसका आयोजन गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में किया जाएगा। बैडमिंटन की वैश्विक संचालन संस्था (बीडब्ल्यूएफ) ने कहा कि करीब 15 साल बाद ये चैंपियनशिप भारत में होने जा रही है। इससे पहले साल 2008 में इसका आयोजन भारत में हुआ था। बीडब्ल्यूएफ ने कहा, ''टीम और व्यक्तिगत दोनों स्पर्धाएं गुवाहाटी राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित की जाएंगी।'' पिछली बार इन खेलों का आयेजन पुणे में हुआ था। वहीं इसको लेकर बीडब्ल्यूएफ के अध्यक्ष पॉल-एरिक होयर ने कहा, ''भारत में तेजी से बैडमिंटन में बेहतरीन प्रतिभाएं सामने आ रही हैं, ऐसे में विश्व जूनियर प्रतियोगिता का दूसरी बार भारत में आयोजनप और भी अहम है।'' उन्होंने कहा, ''बीएआई के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र बैडमिंटन में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं है और ऐसे में यह उभरती हुई प्रतिभाओं के लिए टीम और व्यक्तिगत खिताब के लिए चुनौती पेश करने का बेहतरीन स्थान होगा।'' इस टूर्नामेंट की तारीखों की अभी पुष्टि नहीं हुई है। वहीं बीडब्ल्यूएफ के थॉमस और उबेर कप फाइनल्स का अगला सत्र डेनमार्क के होर्सेन्स में होगा।



## धोनी जैसे फिनिशर बन सकते हैं रिंकू : सिद्धू



मुम्बई। पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू का मानना है कि रिंकू सिंह एक बेहतरीन फिनिशर हैं और वह इस भूमिका में पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की जगह ले सकते हैं। धोनी के संन्यास के बाद से ही भारतीय टीम किसी अच्छे फिनिशर की तलाश में है और सिद्धू का मानना है कि ये रिंकू से पूरी हो सकती है। उन्होंने कहा कि रिंकू इस मामले में टीम के लिए फायदेमंद साबित होंगे। रिंकू ने कुछ मैचों में भारतीय टीम के लिए अपनी प्रतिभा दिखाई है। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए वह फिनिशर की भूमिका निभा रहे हैं। रिंकू को इस सत्र में अब तक बल्लेबाजी कौशल दिखने का पूरा अवसर नहीं मिला है। सिद्धू ने कहा, रिंकू धोनी की जगह ले सकते हैं। वह दिग्गज खिलाड़ी की तरह खेल खत्म कर सकते हैं। रिंकू काफी प्रतिभाशाली है और मैदान के सभी हिस्सों में शॉट लगाने में सक्षम है। इसके साथ ही स्वभाव की बात करें तो वह धोनी की तरह ही वह शांत और तनावमुक्त रहता है। कठिन अवसरों पर भी बल्लेबाजी करते समय वह दबाव में नहीं आता और खुलकर बल्लेबाजी करता है। ऐसे में वह भारतीय क्रिकेट का भविष्य हैं और अवसर दिये जाने पर वह वह लंबे समय तक टीम के लिए फिनिशर की जिम्मेदारी निभा सकता है।

# एफआईएच प्रो लीग : सविता की बजाय सलीमा टेटे को मिली महिला हॉकी टीम की कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मिडफील्डर सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिये भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है।

सलीमा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं।% उन्होंने कहा, 'एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है।'

सविता ओलंपिक क्वालीफायर और उसके बाद प्रो लीग मैचों में भारत की कप्तान रही थी। बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में एक से नौ जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी। भारत इस समय प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर है। सलीमा को हाल ही में हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में बलबीर सिंह सीनियर वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला था।




### भारतीय महिला टीम

**गोलकीपर:** सविता, बिछू देवी खारीबाम

**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी

**मिडफील्डर:** सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी

**फॉरवर्ड :** मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग

## चार भारतीय एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में



नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजों मांदेंगबाम जादुमणि सिंह, निखिल, अजय कुमार और अंकुश ने गुरुवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष अंडर-22 सेमीफाइनल में जगह बनाई। जादुमणि ने 51 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में भूटान के फुंटशो किनले को 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। निखिल (57 किग्रा) ने भी इसी तरह का दबदबा बनाया और उज्बेकिस्तान के बख्तियोरोव अयूबखोन को 4-0 से शिकस्त दी। अजय (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) ने रेफरी के मुकाबले रोकने (आरएससी) पर अपने-अपने मुकाबले जीते। अजय ने मंगोलिया के दमदिंडोरज पी के खिलाफ पहले दौर में ही मुकाबला जीत लिया जबकि अंकुश ने कोरिया के ली जू सांग के खिलाफ तीसरे दौर में जीत दर्ज की। आशीष हालांकि पुरुषों के 54 किग्रा क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया के ओयुन एर्डेन ई के खिलाफ 2-3 से हार गए। बुधवार देर रात आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) ने युवा वर्ग में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते।

## पाकिस्तान ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए घोषित की टीम

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 10 मई से आयरलैंड और 22 मई से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 मुकाबलों के लिए टीम घोषित कर दी है। इसमें टीम की कप्तानी बाबर आजम करेंगे। वहीं तेज गेंदबाज हारिस रऊफ को टीम में शामिल किया गया है पर लेग स्पिनर उसामा मीर को को बाहर कर दिया गया है। चयनसमिति के अनुसार टी20 विश्वकप के लिए इन दोनो ही सीरीजों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर होगी। पाक टीम आयरलैंड में तीन मैचों की सीरीज 10 मई से और इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की सीरीज 22 मई से खेलेगी। रज्जाक ने कहा कि टीम में पहले से ही शादाब खान और अबरार अहमद जैसे स्पिनर हैं इसलिए उसामा को जगह नहीं मिली है।

**पाकिस्तानी टीम इस प्रकार है-** बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान, आजम खान, सईम अयूब, फखर जमां, इफ्तिखार अहमद, इरफान खान नियाजी, अबरार अहमद, हसन अली, हारिस रऊफ , शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद आमिर, इमाद वसीम, नसीम शाह, शादाब खान, उस्मान खान, अब्बास अफरीदी और आगा अली सलमान।

## अमिताभ ने भारतीय क्रिकेट टीम का हौंसला बढ़ाया



मुम्बई। आगामी टी20 विश्वकप को देखते हुए महानायक अमिताभ बच्चन ने भारतीय टीम का हौसला बढ़ाया है। अमिताभ ने अपनी आने वाली फिल्म कल्कि के अश्वत्थामा के किरदार में भारतीय खिलाड़ियों को संदेश दिया है। अमिताभ के ये विशेष संदेश वाली वीडियो नाग अश्विन की फिल्म कल्कि 2898 एडी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से साझा किया गया है। इस वीडियो की शुरुआत में अमिताभ कह रहे हैं, ये महायुद्ध है, अब हो जा तू तैयार। अब बन जा वीर, बुलंद कर अपनी तकदीर, दिखा दम, लगा दम। अमिताभ बच्चन जैसे-जैसे कविता पढ़ रहे हैं, वीडियो में बैकग्राउंड में कल्कि 2898 एडी का म्यूजिक चल रहा है। साथ ही, इस वीडियो में भारतीय टीम के खिलाड़ी कप्तान शर्मा, विराट कोहली, और हार्दिक पांडेया के साथ-साथ वीडियो में पूर्व क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी, और हरभजन सिंह भी नजर आ रहे हैं। अमिताभ की फिल्म कल्कि 2898 एडी जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में अमिताभ अश्वत्थामा का किरदार निभा रहे हैं।

# भारत की टी20 विश्व कप टीम पर बोले कुमार संगकारा- यह बेहद मजबूत टीम है

**स्पोर्ट्स डेस्क।** श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने आगामी टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम की सराहना की और इसे 'बेहद मजबूत' दस्ता बताया। भारत अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत 05 जून 2024 को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा, इसके बाद 09 जून को उसी स्थान पर पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबला होगा। इसके बाद भारत क्रमशः 12 और 15 जून को अमेरिका और कनाडा से खेलेगा।

आईपीएल 24 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के मैच से पहले प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगकारा ने कहा कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए मेन इन ब्लू की टीम में 'उच्च गुणवत्ता वाला' स्पिन आक्रमण है। संगकारा ने कहा, 'यह बेहद मजबूत टीम है। उनके पास बल्लेबाजी है, उनके पास हरफनमौला खिलाड़ी हैं, उनके पास बहुत उच्च गुणवत्ता वाली स्पिन है और उनके पास बहुत अच्छा संयोजन है जिसे वे खेल सकते हैं।'

पूर्व श्रीलंकाई विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कहा कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारत के पास आगामी आईसीसी आयोजन के लिए 'अच्छी तरह से संतुलित' टीम है। संगकारा ने यह भी बताया कि भारत अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में हमेशा मजबूत रहा है।

उन्होंने कहा, 'वहां की परिस्थितियों को जानने के बाद मुझे यकीन है कि राहुल (द्रविड़) और रोहित (शर्मा) को इस बात का अच्छा अंदाजा है कि विश्व कप में अपनी इच्छानुसार क्रिकेट खेलने के लिए टीम कैसी होनी चाहिए। उनके पास दो या तीन अलग-अलग खिलाड़ी होंगे। संयोजन, यह इस पर निर्भर करता है कि वे गहरी बल्लेबाजी लाइन-अप चाहते हैं या अपनी गेंदबाजी में अधिक ताकत चाहते हैं, लेकिन यह वास्तव में एक अच्छी तरह से संतुलित, बहुत मजबूत टीम है और भारत हमेशा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में बहुत मजबूत रहा है।'

भारत ने ऋषभ पंत और संजू सैमसन सहित दो विकेटकीपरों को अपनी टीम में शामिल किया है। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, जो मौजूदा आईपीएल 2024 में रनों का अंबार लगा रहे हैं, को भी टीम में शामिल किया गया है। रिजर्व खिलाड़ियों के रूप में शुबमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान को रखा गया है। भारत को आईसीसी टूर्नामेंट के ग्रुप ए में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है।

### टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल , अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज



# दबाव के बावजूद रूस से तेल खरीदकर मोदी सरकार ने बचाए करोड़ों रुपये

नई दिल्ली ।

पश्चिमी दबाव के बावजूद रूस से सस्ता तेल खरीदना जारी रखने की भारत की रणनीति के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2022-23 के पहले 11 महीनों के दौरान देश के तेल आयात बिल में करीब 7.9 अरब डॉलर की बचत हुई है। इससे देश को चालू खाता घाटा कम करने में भी मदद मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार मॉस्को के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद रूस के साथ अपने संबंध बनाए रखने के लिए दृढ़ है। केप्लर और एलएसईजी द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, इस साल अप्रैल के दौरान भारत ने एक महीने पहले की तुलना में अधिक रूसी तेल का आयात किया, लेकिन इराक और सऊदी अरब से कम आयात किया।

आंकड़ों से साफ होता है कि अप्रैल के दौरान आयात 13-17 प्रतिशत बढ़ गया। अप्रैल में रूस भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता रहा, उसके बाद इराक और सऊदी अरब का नंबर आया। आंकड़ों से पता चलता है कि इराक से तेल आयात में 20-23 प्रतिशत की गिरावट आई है। चूंकि भारत दुनिया में कच्चे तेल का तीसरा सबसे बड़ा आयातक है, रूसी तेल की इन बड़ी खरीद ने विश्व बाजार में कीमतों को अधिक उचित स्तर पर रखने में मदद की है, जिससे अन्य देशों को भी लाभ हुआ है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा संकलित आंकड़ों से पता चलता है कि मात्रा के संदर्भ में वित्तवर्ष 2024 के 11 महीनों में रूस से आयातित कच्चे पेट्रोलियम की हिस्सेदारी वित्तवर्ष 2022 में 2 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत हो गई, जबकि पश्चिम एशियाई देशों (सऊदी अरब) से संयुक्त अरब अमीरात और कुवैत) 34 प्रतिशत से घटकर 23 प्रतिशत पर आ गया। रूसी तेल पर छूट से तेल आयात बिल में भारी बचत हुई।

रिपोर्ट के अनुसार, रूस से आयात का अनुमानित इकाई मूल्य वित्तवर्ष 2023 और वित्तवर्ष 2024 के 11 महीनों में पश्चिम एशिया से संबंधित स्तरों की तुलना में क्रमशः 16.4 प्रतिशत और 15.6 प्रतिशत कम था।

# मारुति सुजुकी ने अप्रैल में बेचीं 1.68 लाख कारें

नई दिल्ली ।




देश की वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की अप्रैल महीने में कुल बिक्री 4.7 प्रतिशत बढ़कर 1,68,089 इकाई रही। कंपनी ने अप्रैल, 2023 में 1,60,529 वाहन बेचे थे। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा` कि घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की कुल बिक्री 1,37,952 इकाई रही, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 1,37,320 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो सहित छोटी कारों की बिक्री अप्रैल, 2023 के 14,110 इकाई की तुलना में घटकर पिछले महीने 11,519 इकाई रह गई। बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर सहित कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री भी पिछले महीने घटकर 56,953 इकाई रह गई, जो पिछले साल अप्रैल में 74,935 इकाई थी। ब्रेज़ा, एर्टिगा, एस-क्रॉस और एक्सएल6 जैसे यूटिलिटी वाहनों की बिक्री पिछले महीने 56,553 इकाई रही, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 36,754 इकाई थी। अप्रैल में वैन की बिक्री 12,060 इकाई रही, जबकि एक साल पहले यह 10,504 इकाई थी।

हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री अप्रैल, 2023 के 2,199 इकाई से पिछले महीने बढ़कर 2,496 इकाई हो गई। एमएसआई के अनुसार, पिछले महीने उसका निर्यात 22,160 इकाई रहा, जबकि पिछले साल अप्रैल में यह 16,971 इकाई रहा था।

# डीजीसीए ने गो फर्स्ट के 54 विमानों का रजिस्ट्रेशन कैंसिल किया

## दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद लिया गया फैसला

मुंबई ।




एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए ने गो फर्स्ट एयरलाइन के सभी 54 विमानों का रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर दिया है। इससे पट्टेदारों को राहत मिली है। हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट ने एयरलाइन के 54 विमानों का रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने का आदेश दिया था। पिछले शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद ये फैसला ` लिया गया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने आदेश दिया था कि रजिस्ट्रेशन कैंसिलेशन को पांच कार्य दिवस के भीतर करना है। इससे अटके हुए विमानों से संबंधित तमाम अन्य मुद्दों पर पट्टेदारों को राहत प्रदान करने की जरूरत बताई गई थी। दिल्ली हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू ने पिछले शुक्रवार को पट्टेदारों को लंबे समय से खड़े विमानों को लेकर रखरखाव की मंजूरी दे दी थी। बशर्ते उन्हें भारतीय कानून के अनुसार डी-रजिस्टर और निर्यात नहीं कर दिया जाता। कोर्ट ने कहा था, प्रतिवादी डीजीसीए और भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) याचिकाकर्ता पट्टेदारों की सहायता करेंगे और उन्हें हवाई अड्डों तक पहुंच प्रदान करेंगे। गो एयर और एयरलाइन के रेजोल्यूशन प्रफेशनल्स (आरपी) को किसी भी विमान तक पहुंचने, उसमें प्रवेश करने या उसे संचालित करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। साथ ही विमान से सहायक उपकरण, स्पेयर पार्ट्स, दस्तावेज और रिकॉर्ड को हटाने, बदलने से भी रोक दिया गया है। टाटा की एयर इंडिया और वित्तीय रूप से मजबूत इंडिगो दोनों ने लगभग 15 एयरबस ए320 फैमिली प्लेन्स को खरीदने के लिए पट्टादाताओं से संपर्क किया है। उन्हें अपेक्षाकृत जल्दी उड़ान भरने योग्य बनाया जा सकता है। बाकी विमानों को प्रैट एंड व्हिटनी से अपने खराब इंजन, पुर्जों के रिप्लेसमेंट के लिए प्रतीक्षा करनी होगी। वह कई महीनों से इंडिगो को उन्हें उपलब्ध कराने में असमर्थ है। इसके चलते इंडिगो के 75 से अधिक विमान खड़े हैं। गौरतलब है` कि गो फर्स्ट एयरलाइन ने पिछले साल 2 मई, 2023 को परिचालन बंद कर दिया था और कंपनी जमीन पर आ गई थी।

# रियल एस्टेट खंड में निवेश बढ़कर 5,743 करोड़ हुआ

## - पिछले साल से 3 गुना बढ़ गया निवेश



नई दिल्ली ।

आवासीय रियल एस्टेट खंड में निवेश मार्च तिमाही में तीन गुना से अधिक होकर 5,743 करोड़ रुपये हो गया। एक रियल एस्टेट परामर्श कंपनी के अनुसार यह रियल एस्टेट क्षेत्र में कुल प्रवाह का 63 प्रतिशत है। बुधवार को जारी पूंजी बाजार की एक रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च तिमाही के दौरान रियल एस्टेट में निवेश बढ़कर 9,124 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान अवधि में 8,830 करोड़ रुपये था।

रिपोर्ट के अनुसार कुल निवेश में से आवासीय खंड में निवेश बढ़कर 5,743 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान तिमाही में 1,735 करोड़ रुपये था। कार्यालय संपत्तियों में निवेश मामूली बढ़कर` वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 2,248 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 2,180 करोड़ रुपये था हालांकि, मिश्रित उपयोग वाली परियोजनाओं में निवेश मार्च तिमाही में घटकर 865 करोड़ रुपये रह गया, पिछले साल समान तिमाही में 1,645 करोड़ रुपये था। औद्योगिक और लॉजिस्टिक खंड में भी मार्च तिमाही में 268 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो पिछले साल की समान तिमाही में 2,170 करोड़ रुपये था। होटल परियोजनाओं में निवेशकों ने समीक्षाधीन तिमाही में कोई रुचि नहीं दिखाई। हालांकि पिछले साल समान तिमाही में इस खंड में 1,100 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था।

# अनिल अंबानी की तीन कंपनियां खरीद सकती है आईआईएचएल

मुंबई ।

भारी कर्ज संकट का सामना कर रहे उद्योगपति अनिल अंबानी के हाथ से एक साथ तीन कंपनियां निकल सकती हैं। बताया जा रहा है` कि हिंदूजा ग्रुप की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) रिलायंस कैपिटल की तीन बीमा कंपनियों को खरीदने की तैयारी में है।

सूत्रों के मुताबिक इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीएआई) अगले कुछ दिनों में इसे हरी झंडी दे सकता है। रेगुलेटर का मानना है कि रिलायंस कैपिटल एक बड़ी गैर-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी है, बैंकरप्सी प्रॉसीडिंग में उलझ गई है और इसे कोर्ट द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर बंद किया जाना चाहिए।

पिछले हफ्ते कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स ने आईआईएचएल को 27 मई की समयसीमा तक यह प्रक्रिया पूरी करने को कहा था। हालांकि कंपनी ने बैंकों को बताया था कि आईआरडीएआई की मंजूरी के बिना वह लेनदेन को पूरा नहीं कर पाएगी। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने रिलायंस कैपिटल के लिए आईआईएचएल की 9,650 करोड़ की समाधान योजना को 27 फरवरी को अपनी मंजूरी दी थी। एनसीएलटी ने आईआईएचएल को 90 दिनों की अवधि के भीतर यह सौदा पूरा करने का निर्देश दिया था। मार्च में एडमिनिस्ट्रेटर को लिखे पत्र में आईआरडीएआई ने इस डील के बारे में अपनी आपत्तियां व्यक्त की थीं। रेगुलेटर ने आईआइएचएल के डाइवर्स शेयरहोल्डिंग स्ट्रक्चर पर सवाल उठाया था जिसमें किसी के भी पास 10 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी नहीं है। आईआरडीएआई ने आईआईएचएल के शेयरधारकों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी थी। एक सूत्र ने बताया कि आईआईएचएल ने आईआरडीएआई के सभी सवालों का समाधान कर दिया है और उम्मीद है कि रेगलुटेर जल्दी इसे मंजूरी दे देगा।

# कच्चे तेल में गिरावट, पेट्रोल-डीजल स्थिर



**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में पहले के मुकाबले कुछ गिरावट देखी गई है। ब्रेंट क्रूड की कीमत घटकर 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर है। वै श्विक बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 83.88 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 79.43 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।




# जिंदल स्टेनलैस उत्पादन क्षमता बढ़ाने 5,400 करोड़ का निवेश करेगी

**नई दिल्ली ।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) 5,400 करोड़ रुपये का निवेश कर अपनी उत्पादन क्षमता को 42 लाख टन सालाना तक बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह निवेश अगले दो साल के दौरान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग 90 प्रतिशत निवेश आंतरिक स्रोतों से आएगा। निवेश योजना का ब्योरा साझा करते हुए जिंदल ने कहा कि इससे कंपनी की धातु पिघलाने की क्षमता 700 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के कारण 40 प्रतिशत बढ़कर 42 लाख टन प्रति वर्ष हो जाएगी। दूसरा, कंपनी ने ओडिशा के जाजपुर में अपने संयंत्र में डाउनस्ट्रीम लाइनों के विस्तार के लिए लगभग 1,900 करोड़ रुपये अलग रखे हैं। इसके अलावा कंपनी ने रेलवे साइडिंग, टिकाऊपन से संबंधित परियोजनाओं और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन जैसी अवसंरचना सुविधाओं के संबंधित उन्नयन के लिए लगभग 1,450 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं। साथ ही कंपनी क्रोमेनी स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड (सीएसपीएल) में 54 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी।

# सीसीआई ने अधिवक्ताओं, विधि कंपनियों से मांगे आवेदन

**नई दिल्ली ।** विभिन्न अदालतों और न्यायाधिकरणों के सामने निष्पक्ष व्यापार का प्रति निधित्व करने के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अधिवक्ताओं और विधि कंपनियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। कानून फर्मों से जुड़े और अदालतों में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता दोनों ही आयोग के विधिक पैनल में शामिल होने के लिए पात्र हैं। पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन एक मई से 31 मई तक किए जा सकते हैं। नियामक ने एक नोटिस में कहा है कि विभिन्न न्यायालयों और न्यायाधिकरणों के समक्ष आयोग और महानिदेशक का प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिवक्ताओं, कानून फर्मों का एक पैनल का गठन किया जा रहा है। विधि फर्म और प्रैक्टिस करने वाले वकील इस पैनल में शामिल होने के लिए पात्र हैं। पैनल में शामिल होने के इच्छुक अधिवक्ताओं और विधि फर्मों के लिए योग्यता, अनुभव, शुल्क, नियम, शर्तें और आवेदन प्रारूप से संबंधित दिशानिर्देश प्रतिस्पर्धा आयोग की वेबसाइट से प्राप्त किए जा सकते हैं।

# विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक अप्रैल में घटकर 58.8 हुआ

**नई दिल्ली ।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि अप्रैल में सुस्त रही, लेकिन फिर भी परिचालन स्थितियों में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार दर्ज किया गया जिसे बढ़ती मांग का समर्थन मिला। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अप्रैल में घटकर 58.8 हो गया जो मार्च में 59.1 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी के एक मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा कि मजबूत मांग की स्थिति के कारण उत्पादन में और वृद्धि हुई, हालांकि मार्च की तुलना में यह वृद्धि थोड़ी धीमी रही। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में घरेलू और बाहरी ग्राहकों से अपने माल की मजबूत मांग की सूचना दी। कुल नए ठेके में तेजी से वृद्धि हुई है और विस्तार की गति 2021 की शुरुआत के बाद से दूसरी सबसे मजबूत रही। इसके अलावा अप्रैल में नए निर्यात ठेकों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। यद्यपि कुल बिक्री की तुलना में यह वृद्धि धीमी रही, जिससे पता चलता है कि घरेलू बाजार वृद्धि का मुख्य चालक बना रहा। सामग्री और श्रम लागत में वृद्धि की खबरों के बीच भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में अपने विक्रय मूल्यों में वृद्धि की। उन्होंने कहा कि हालांकि, कंपनियों ने उत्पादन शुल्क बढ़ाकर इस वृद्धि का बोझ उपभोक्ताओं पर डाल दिया, क्योंकि मांग मजबूत बनी रही जिसके परिणामस्वरूप मुनाफे में सुधार हुआ।

# इंडिगो ने आईजीआई एयरपोर्ट पर दिव्यांग यात्रियों के लिए शुरू की विशेष सुविधा




**नई दिल्ली ।** इंडिगो एयरलाइन दिव्यांग यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 पर खासतौर से नया चेकिंग काउंटर शुरू किया गया है जो दिव्यांग यात्रियों की सहूलियत को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट की टर्मिनल 1 पर इंडिगो ने स्पेशली एबल्ड एयरलाइन स्टाफ को भी तैनात किया है। ये स्टाफ भी स्पेशली एबल्ड है, ताकि दिव्यांग यात्री सहज महसूस कर सकें। वहीं किसी तरह की परेशानी होने पर उनकी मदद की जा सके। इंडिगो में स्पेशली एबल्ड एयरलाइन स्टाफ वर्तमान में 20 है, जिसे आने वाले समय में आवश्यकता के आधार पर बढ़ाया जा सकता है। गौरतलब है कि सभी यात्रियों को किफायती, समय पर, परेशानी रहित यात्रा अनुभव देने के लिए ये शुरुआत की गई है। एयरलाइन ने दिव्यांगों की सहूलियत को ध्यान में रखकर इसकी शुरुआत की है। वहीं बा दें कि इंडिगो ऐसी एयरलाइन है जहां सुविधाएं, प्रौद्योगिकी, जानकारी, विशेषाधिकार विकलांग व्यक्ति के लिए सुलभ बनाए गए है। बता दे की इंडिगो की कोशिश है कि इंडिगो एयरलाइंस यात्रा करने के दौरान यात्रियों को किफायती, परेशानी मुक्त सफर समय पर मिल सके।इसके लिए इंडिगो ने केबिन क्रू सदस्यों को कैरी ऑन और सहायक उपकरणों के संबंध में स्पेशल ट्रेनिंग दी है। दिव्यांग यात्रियों की सहायता करने के लिए अतिरिक्त ग्रैब बार वाले टॉयलेट भी लगाए गए हैं।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद

मुम्बई ।




घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों और खरीदारी से बाजार की शुरुआत अच्छी रही पर बाद में आये दबाव से ये सीमित दायरे में पहुंच गया। व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप 0.9 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.29 फीसदी पर बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 128.33 अंक करीब 0.17 फीसदी बढ़कर 74,611.11 अंक पर बंद हुआ। दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी भी 43.35 अंक तकरीबन 0.19 फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ।

वहीं गत दिवस महाराष्ट्र दिवस पर बाजार बंद था जबकि इसके पहले मंगलवार को बाजार सुबह उपर आया पर दिन के अंत में में बढ़त गंवाकर गिरावट के साथ बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह विश्व भर के बाजारों से` मिले अच्छे संकेतों की वजह से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 150 अंक बढ़कर 74,639 पर और एनएसई निफ्टी-50 41 अंक बढ़कर 22,646 पर पहुंच गया। टाटा मोटर्स, एमएंडएम, रिलायंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक ने सेंसेक्स पर बढ़त हासिल की, जबकि एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, एचयूएल और एक्सिस बैंक लाल निशान में कारोबार कर रहे थे!

ऐ शियाई बाजारों में भी गुरुवार को गिरावट के साथ कारोबार हुआ। गुरुवार की सुबह अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दो दिवसीय बैठक के बाद ब्याज दरों को अपरिवर्तित बनाए रखने के फैसले के बाद ज्यादातर एशियाई बाजारों में ये गिरावट आई। जापान का निक्की 225 0.29 फीसदी नीचे था, जबकि व्यापक आधारित टॉपिक्स सूचकांक 0.11 फीसदी गिरा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.08 फीसदी की गिरावट के साथ लगभग सपाट कारोबार कर रहा था।

अमेरिकी बेंचमार्क सूचकांक जो पिछले कारोबारी सत्र में 2 फीसदी तक गिर गए थे, यूएस फेड बैठक के परिणाम के बाद मिश्रित नोट पर समाप्त हुए। डॉव में 0.23 फीसदी की वृद्धि के साथ 87.37 अंक की बढ़त हुई जबकि एसएंडपी 500 में 0.34 फीसदी और नैस्डैक कंपोजिट में 0.33 फीसदी की गिरावट रही।

# अडाणी पावर के राजस्व में 37 प्रतिशत की वृद्धि

मुंबई ।




अडाणी पावर ने वित्तवर्ष 2024 के लिए राजस्व में 37 प्रतिशत की वृद्धि (साल-दर-साल) 50,960 करोड़ रुपये दर्ज की, जबकि कमाई (ईबीआईटीडीए) दोगुना से अधिक बढ़कर 18,789 करोड़ रुपये हो गई। वित्तवर्ष 2024 के लिए कर पूर्व समेकित लाभ (पीबीटी) पिछले वित्तवर्ष के 7,675 करोड़ रुपये की तुलना में दोगुना से अधिक 20,792 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने कहा, चौथी तिमाही के लिए राजस्व 29 प्रतिशत बढ़कर 13,787 करोड़ रुपये (सालाना) हुआ और कमाई (ईबीआईटीडीए) से अधिक बढ़कर 5,273 करोड़ रुपये हो गया।

जनवरी-मार्च अवधि के लिए कर पूर्व समेकित लाभ वित्तवर्ष 23 की चौथी तिमाही में 898 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग चार गुना बढ़कर 3,558 करोड़ रुपये हो गया। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा कि जैसे-जैसे भारत अधिक टिकाऊ ऊर्जा भविष्य की ओर बढ़ रहा है, अडाणी कंपनियों का पोर्टफोलियो देश की आर्थिक वृद्धि का समर्थन करने और उसकी आकांक्षाओं को साकार करने में मदद करने के लिए नवीन, विशेवसनीय और स्केलेबल समाधान प्रदान करना जारी रखेगा। चौथी तिमाही के साथ-साथ वित्तवर्ष 24 के दौरान, मुंद्रा, नए चालू हुए गोड्डा प्लांट, उडुपी और महान के नेतृत्व वाले लगभग सभी संयंत्रों द्वारा उच्च मात्रा में योगदान दिया गया। कंपनी ने कहा कि पूरे भारत में बिजली की बढ़ती मांग के कारण घरेलू बिजली की बिक्री जारी रही और आयातित कोयले व वैकल्पिक ईंधन की गिरती कीमतों से बिजली खरीद समझौते (पीपीए) के तहत उठान को और समर्थन मिला।

अदाणी पावर लिमिटेड के सीईओ, एस.बी.ख्यालिया ने कहा, अदाणी पावर ने अपनी मूल शक्तियों का प्रदर्शन करते हुए एक और उत्कृष्ट तिमाही दर्ज की है, जिसमें एक वर्ष में असाधारण परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन रहा है, जो इसकी ठोस रणनीति और परिचालन उत्कृष्टता का एक उपयुक्त प्रमाण है। बिजली की मांग में सुधार, कम आयातित कोयले की कीमतों और बड़ी स्थापित क्षमता के कारण वित्तवर्ष 2024 में समेकित बिजली बिक्री की मात्रा 79.3 अरब यूनिट थी, जो वित्तवर्ष 23 में 53.4 अरब यूनिट से 48 प्रतिशत अधिक थी।

# फेड ने प्रमुख दरों में नहीं किया है कोई बदलाव

मुंबई ।

फेडरल रिजर्व ने प्रमुख दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। फेडरल रिजर्व के मुताबिक महंगाई में अनुमान के मुताबिक बदलाव न दिखने की वजह से दरों को स्थिर रखा गया है। फेडरल रिजर्व ने बैठक के बाद जारी स्टेटमेंट में कहा कि फेडरल ओपन मार्केट कमेटी को लगता है कि जब तक इस बात का भरोसा नहीं मिल जाता कि महंगाई दर 2 फीसदी के तय लक्ष्य की ओर स्थिरता के साथ बढ़ रही है तब तक दरों में कटौती करना सही नहीं होगा। फेडरल रिजर्व के मुताबिक साल 2024 के शुरुआती महीनों में ऐसे बहुत कम संकेत मिले हैं जिनसे इस बात का भरोसा मिले की महंगाई दर काबू में आ रही है। ये लगातार छठी बार रहा है जब फेडरल रिजर्व ने दरों को स्थिर रखा है। दरें फिलहाल 5.25 से 5.5 फीसदी के स्तर पर स्थिर बनी हुई हैं। इसके साथ ही ब्याज दरें 23 साल के उच्चतम स्तर पर बनी हुई हैं। इससे पहले बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाने के लिए फेडरल रिजर्व ने मार्च 2022 से दरों में बढ़ोतरी शुरू की थी और जुलाई 2023 तक दरों में 5.25 फीसदी की बढ़त की थी। जुलाई 2023 से फेडरल रिजर्व ने दरों में कोई बदलाव नहीं किया है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in